VPL
वर्ष 10 अंक 249
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
17 जून 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर
nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in




DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 हरदीप पुरी ने खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया | 06 सोनम जैसे अपराधी अचानक नहीं बनते : आकाश शुक्ला | 11 मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली: साईं सुदर्शन




"हर दिन एक नया सूरज है, एक नई शुरुआत है, इसे व्यर्थ न जाने दो।"
Saurabh Shivhare
Saurabh_SS19




## यह युद्ध का युग नहीं : प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ वार्ता के बाद कहा

**निकोसिया**, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर ''चिंता जताई'' और उन दोनों का मानना है कि ''यह युद्ध का युग नहीं है।''

मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि ''बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।''

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''हम सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए आभारी हैं।''

प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं।

मई में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया गया था।

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, ''हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है।'' उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ ''पूरी एकजुटता'' के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति ने कहा



कि साइप्रस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं।

मोदी और क्रिस्टोडौलिडेस ने भारत-साइप्रस संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

मोदी ने कहा, ''हम दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। उनका नकारात्मक प्रभाव केवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। हम दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। बातचीत के माध्यम से समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा भारत-साइप्रस द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का ''स्वर्णिम अवसर'' है।

पिछले दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा है। सोमवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।

बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल वार्ता के दौरान मौजूद थे।

साइप्रस पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, खासकर व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।''

संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान साइप्रस के राष्ट्रपति ने कहा, ''हमने प्रधानमंत्री के साथ साइप्रस मुद्दे पर भी चर्चा की।'' उन्होंने विवादित उत्तरी क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि तुर्किये के ''अवैध कब्जे'' को साइप्रस समाप्त करना चाहता है। उन्होंने कहा, ''हम भारत और उसके लोगों के समर्थन के लिए साइप्रस गणराज्य की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। साइप्रस की क्षेत्रीय अखंडता और हमारे एकीकरण के लिए समर्थन।''

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र और कानून का शासन में परस्पर विश्वास ''हमारे संबंधों की मजबूत नींव'' है।

उन्होंने कहा, ''हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं।'' दोनों देशों के साझा मूल्यों और द्विपक्षीय संबंधों की भविष्य की दिशा को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा, ''हम साथ मिलकर भविष्य को आकार देंगे।''

मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, ''सांस्कृतिक संबंधों को कैसे प्रगाढ़ किया जाए, हमने इस पर भी चर्चा की। साइप्रस में योग और आयुर्वेद की लोकप्रियता बढ़ रही है, जिसे देखकर खुशी होती है। पर्यटन एक और क्षेत्र है, जहां काफी संभावनाएं हैं। हमने संपर्क को बेहतर बनाने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया।''

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और भारत-यूरोपीय संघ संबंधों पर भी उनकी बातचीत के दौरान चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता भी दिया।

## जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी कनाडा पहुंचेंगे

कैलगरी (कनाडा), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कनैनिस्किस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार शाम को यहां पहुंचेंगे। यह एक दशक में उनकी पहली कनाडा यात्रा होगी।

प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर वे अपनी यात्रा के दूसरे चरण में साइप्रस से कनाडा पहुंचेंगे।

कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन 16-17 जून तक चलेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की यह लगातार छठी भागीदारी है। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली में कहा था, ''शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी7 देशों के नेताओं, अन्य आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेष रूप से एआई-ऊर्जा संबंध और क्वांटम-संबंधी मुद्दों सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।''

प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। यह सम्मेलन भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक महीने बाद हो रही है, जिसमें 22 अप्रैल के पहलगाम हमलों के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी



बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया निमंत्रण, नयी सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है, जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था, क्योंकि ओटावा ने उन्हें निज्जर मामले से जोड़ने का प्रयास किया था। भारत ने कनाडा के भी इतने ही राजनयिकों को निष्कासित किया था। भारत ने जस्टिन ट्रूडो की सरकार पर कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक तत्वों को काम करने की अनुमति देने का आरोप लगाया था। अर्थशास्त्री कार्नी ने ट्रूडो के शीर्ष पद से हटने के बाद कनाडा के नये प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था।

## दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान तकनीकी समस्या के बाद एक घंटे में हांगकांग लौटा

**मुंबई,** (भाषा) एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उड़ान संख्या एआई 315 हांगकांग में सुरक्षित तरीके से उतरी और सभी यात्री भी उसमें से उतर चुके हैं। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था।




एअर इंडिया ने कहा, ''सोलह जून 2025 को हांगकांग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करने वाली उड़ान संख्या एआई315 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के कुछ समय बाद हांगकांग लौट गई।

विमान हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतरा और एहतियात के तौर पर इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य दिल्ली तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की योजना बनाई गई है।''

उसने कहा, ''हम इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं।''

हवाई अड्डा प्राधिकरण हांगकांग के प्रवक्ता ने कहा, ''एअर इंडिया द्वारा हांगकांग से नयी दिल्ली के लिए संचालित यात्री उड़ान, एआई315, हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौट गई। उसने आज (सोमवार) अपराह्न एक बजे 'लोकल स्टैंडबाई' का अनुरोध किया। विमान अपराह्न 1.15 बजे सुरक्षित रूप से उतरा। हवाई अड्डे का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ।''

विमानों के आपात स्थिति में उतरने के मामलों में 'लोकल स्टैंडबाई' का अनुरोध किया जाता है। इसकी घोषणा तब की जाती है जब किसी विमान में कोई खराबी आ जाने का पता चलता है या संदेह होता है, लेकिन समस्या ऐसी नहीं होती जिससे सुरक्षित लैंडिंग में सामान्यतः कोई गंभीर कठिनाई हो।

गत 12 जून को लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान उड़ान भरने के एक मिनट से भी कम समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और इसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी।

## अहमदाबाद विमान हादसा : डीएनए मिलान से 99 मृतकों की पहचान हुई, 64 लोगों के शव परिजनों को सौंपे गए

**अहमदाबाद,** (भाषा) अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के माध्यम से 99 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई।

रूपाणी उन 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में शामिल थे, जो लंदन जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 में सवार थे। यह विमान 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रूपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया।



अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को विमान दुर्घटना में कई लोग इतनी बुरी तरह जल गए थे कि उनके शव पहचाने नहीं जा सके।

सिविल अधीक्षक डॉ राकेश जोशी ने संवाददाताओं से कहा, ''अब तक 99 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। ये मृतक गुजरात और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे।''

उन्होंने मृतकों के शोक-संतप्त परिजनों से अपील की कि शवों के अवशेषों से डीएनए मिलान की लंबी प्रक्रिया को लेकर परेशान नहीं हों।

उन्होंने कहा, ''हम इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग शिकायत कर रहे हैं कि 72 घंटे बाद भी नतीजे नहीं आए हैं। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके कानूनी निहितार्थ हैं। जैसे ही नतीजे आएंगे, हम उन्हें बुला लेंगे।''

इससे पहले, रविवार को अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा था कि 250 मृतकों के नमूने डीएनए मिलान के लिए एकत्रित कर लिए गए हैं। मृतकों में विमान में सवार यात्री और चालक दल के सदस्यों के साथ दुर्घटना स्थल पर मारे गए अन्य लोग भी शामिल हैं।

गत बृहस्पतिवार को अपराह्न 1.39 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लंदन जाने वाले इस विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। दुर्घटना में 29 अन्य लोग भी मारे गए, जिनमें से पांच एमबीबीएस छात्र थे।

## सोलहवीं जनगणना के लिए अधिसूचना जारी, 13,000 करोड़ रुपये का आ सकता है खर्चा

नयी दिल्ली, (भाषा) साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी।

अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी। इसमें कहा गया, '' उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।''

इसमें कहा गया है कि लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी।

देश भर से जनसंख्या संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराने का यह विशाल कार्य लगभग 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख जनगणना कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इसपर सरकार के 13 हजार करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि जनगणना कार्य शुरू होने के बाद से यह 16वीं जनगणना है तथा स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है।

संविधान के अनुच्छेद 246 के अनुसार, जनगणना सातवीं अनुसूची में संघवर्ती सूची में 69वें स्थान पर सूचीबद्ध विषय है। जनगणना समाज के हर वर्ग से डेटा संग्रह का प्राथमिक स्रोत है और एक दशकीय गतिविधि है।

आगामी जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी, जो आजादी के बाद पहली बार होगी। पिछली व्यापक जाति-आधारित गणना अंग्रेजों ने 1881 और 1931 के बीच की थी। आजादी के बाद से किए गए सभी जनगणना कार्यों से जाति को बाहर रखा गया था। आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय 30 अप्रैल को




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिया था।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया था, ''इन सभी परिस्थितियों पर विचार करते हुए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीतिक दबाव में न आए, यह निर्णय लिया गया है कि एक अलग सर्वेक्षण में जाति गणना कराने के बजाय मुख्य जनगणना में इसे शामिल किया जाना चाहिए।'' साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लोकसभा को आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। इस विषय पर विचार-विमर्श के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया और अधिकतर राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना कराने की सिफारिश की।

हालांकि, कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने जाति जनगणना के बजाय सर्वेक्षण का विकल्प चुना, जिसे सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) के रूप में जाना जाता है।

संयुक्त प्रगतिशाल गठबंधन (संप्रग) सरकार के तहत 2011 में एसईसीसी के अंतर्गत जातिगत आंकड़े एकत्र किए थे, लेकिन इसे कभी भी पूरी तरह से प्रकाशित या उपयोग नहीं किया गया। बिहार और तेलंगाना ने पिछले तीन वर्षों में जातिगत सर्वेक्षण कराए हैं। आगामी प्रक्रिया में लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा।

जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में - हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) - प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा।

इसके बाद, दूसरे चरण में - जनसंख्या गणना (पीई) जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, सांस्कृतिक स्थिति और प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति का अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा।

संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत सख्त डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़(51.54 प्रतिशत) पुरुष और 58.646 करोड़ (48.46 प्रतिशत) महिलाएं थीं।

वर्ष 2021 के लिए जनगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक अप्रैल 2020 से फील्डवर्क शुरू होना था। देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित कर दिया गया था।साल 2021 की जनगणना में राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) को भी अद्यतन करने की योजना थी, लेकिन 2027 की अधिसूचना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ऐसा किया जाएगा या नहीं।

हालांकि जनगणना के लिए संदर्भ तिथियां (बर्फ से घिरे क्षेत्रों के लिए) एक अक्टूबर 2026 और (शेष भारत के लिए) एक मार्च 2027 हैं। मगर आवास सूचीकरण चरण अप्रैल 2026 तक शुरू हो सकता है। इससे पहले गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को इस कवायद के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रक्रिया अक्टूबर 2025 में शुरू हो सकती है।

नागरिकों को लगभग तीन दर्जन सवालों के जवाब देने होंगे, जिनमें यह पूछा जाएगा कि क्या वे टेलीफोन या इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं; उनके पास कौन-कौन से वाहन हैं, वे कौन-कौन से अनाज खाते हैं, उनका जलस्रोत क्या है, उनका घर किस प्रकार का है, और क्या परिवार का मुखिया महिला है या अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एससी) से संबंधित है।

# शाह ने आपदा प्रबंधन एजेंसियों की गति और सटीकता में सुधार के लिए तीन तकनीकी मंच की शुरुआत की



नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को देश की आपदा प्रबंधन एजेंसियों की गति और सटीकता में सुधार के लिए तीन प्रमुख तकनीकी मंच की शुरुआत की।

गृह मंत्री ने राहत आयुक्तों, आपदा प्रबंधन सचिवों और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बलों के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए एकीकृत नियंत्रण कक्ष (आईसीआर-ईआर), आपातकालीन प्रबंधन लाइट 2.0 के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीईएम लाइट 2.0) और असम के बाढ़ खतरा क्षेत्र एटलस की शुरुआत की।

'एक्स' पर एक पोस्ट में शाह ने कहा कि तीन मंच हमारे आपदा प्रबंधन तंत्र को नए युग की विभिन्न तकनीक की गति और सटीकता से लैस करेंगे।

उन्होंने कहा, ''आईसीआर-ईआर बचाव एजेंसियों को उपग्रह आधारित डेटा का उपयोग करके देश भर में आपदाओं के लिए वास्तविक समय पर प्रतिक्रिया देगा, और एनडीईएम लाइट 2.0 हमारे प्रतिक्रिया बलों को एक इकाई के रूप में किसी भी आपदा का सामना करने की चपलता प्रदान करेगा।''

शाह ने कहा कि असम का एटलस बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों को बाढ़, उसके प्रभाव और नदियों में जल स्तर से संबंधित वास्तविक समय के आंकड़े उपलब्ध कराकर बाढ़ शमन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मार्गदर्शन करेगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गृह मंत्री द्वारा शुरू किया गया असम का बाढ़ खतरा क्षेत्र एटलस राज्य में बाढ़ के पैटर्न का उपग्रह-आधारित विश्लेषण, बाढ़ के मैदानों में विकास को विनियमित करने, बाढ़ प्रतिरोधी कृषि को बढ़ावा देने, फसल बीमा योजनाओं का समर्थन करने और आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने में मदद करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमन के कारण पूरी दुनिया आपदाओं से जूझ रही है और पर्यावरण संरक्षण को मुख्य घटक के रूप में लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, ''आने वाले दिनों में जबकि हर कोई आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है, आपदाओं के मूल कारणों को संबोधित करने की भी जरूरत है।''

उन्होंने कहा, ''न केवल आपदाओं से निपटने की हमारी क्षमता में वृद्धि हुई है, बल्कि इसे तहसील स्तर तक बढ़ाया और विस्तारित किया गया है। गति पर ध्यान दिया गया है, क्योंकि आपदा के दौरान जान बचाना सबसे महत्वपूर्ण है।''

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और आपदा प्रतिक्रिया बलों के समर्पित दृष्टिकोण के जरिए दक्षता में सुधार हुआ है।

## महाराष्ट्र: में कोविड-19 के 34 नए मामले सामने आए, 24 घंटे में एक मरीज की मौत

मुंबई, (भाषा) महाराष्ट्र में सोमवार को कोविड-19 के 34 नए मामले सामने आए, जबकि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के कारण एक मौत भी दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इस वर्ष एक जनवरी से अब तक राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 2041 पहुंच गई है, जबकि कोविड-19 संक्रमण के कारण 29 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि इसमें से 28 लोग अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। राज्य में वर्तमान में कोविड-19 के विचाराधीन मरीजों की संख्या 512 है। अधिकारी ने बताया कि महानगर में 44 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। वह क्रोनिक लिवर सिरोसिस से पीड़ित थी। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मुंबई के 12, पुणे के आठ और छत्रपति संभाजीनगर के सात मरीजों समेत कुल 34 लोगों में इस संक्रमण की पुष्टि हुई है।

# 1,350 करोड़ रुपये के विकास कार्य से भाजपा के 'धन नहीं' वाले बयान का जवाब मिलेगा: सिद्धरमैया



दावणगेरे (कर्नाटक), (भाषा) कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को दावणगेरे जिले में 1,350 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उसके इस आरोप को लेकर निशाना साधा कि राज्य सरकार के पास अपने वादों को पूरा करने के लिए वित्तीय ताकत नहीं है।

बाद में एक सार्वजनिक समारोह में सिद्धरमैया ने कहा, ''एक ही दिन में हमने 1,350 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और आरंभ किया है। अगर हमारे पास पैसा नहीं होता तो क्या यह संभव हो पाता? भाजपा के झूठ का पर्दाफाश हो गया है।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''56 इंच के सीने का क्या फायदा जब उसमें गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए जगह नहीं है? उनका सीना भले ही चौड़ा हो, लेकिन उसमें करुणा नहीं है।''सिद्धरमैया ने भाजपा पर जानबूझकर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री से लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं तक ने दावा किया कि हमारी गारंटी कभी लागू नहीं होगी। आज, सभी पांच गारंटी लागू हैं। भाजपा मतदाताओं सहित कर्नाटक भर के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।'' कर्नाटक की राजकोषीय मजबूती पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि राज्य अब सबसे बड़े बजटों में से एक है और जीएसटी (माल एवं सेवाकर) संग्रह के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, ''इससे साबित होता है कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और प्रगति कर रही है।''

पिछली भाजपा सरकार से सीधी तुलना करते हुए सिद्धरमैया ने कहा, ''जब वे सत्ता में थे तो लोगों को एक भी मकान नहीं दिया गया था। आज, हमने अकेले दावणगेरे जिले में शहरी कामकाजी वर्ग को 1,892 मकान आवंटित किए हैं।'' मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य जाति, वर्ग या धर्म से परे समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा, ''हम डॉ. बी.आर. आंबेडकर द्वारा परिकल्पित आर्थिक और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध हैं। जब विकास की बात आती है तो हम जाति या पार्टी लाइन नहीं देखते हैं।'' सिद्धरमैया ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक को राज्य के वित्त और विकासात्मक प्रगति पर सार्वजनिक बहस के लिए चुनौती दी।

# एसआईए ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की




**श्रीनगर,** (भाषा) जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकवादी की कुपवाड़ा जिले में स्थित अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी की पहचान अब्दुल हामिद लोन के रूप में की गई है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में वांछित है।

एक अधिकारी ने कहा, ''एसआईए ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके समर्थन ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकवादी अब्दुल हामिद लोन की कुपवाड़ा जिले के हंदवाडा के मावर बाला कलमाबाद में स्थित संपत्ति कुर्क कर ली है, जो पाकिस्तान में रह रहा है।'' कुर्क की गई अचल संपत्ति में 6,200 वर्ग फुट और 5,700 वर्ग फुट के दो भूखंड शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, ''कुर्की उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करने और एनआईए अदालत से उचित प्राधिकार के बाद की गई है।''

अधिकारियों के अनुसार, लोन एक फरार आतंकवादी है। अधिकारियों के अनुसार वह कई अपराधों में शामिल होने के लिए सीआईके/एसआईए कश्मीर पुलिस थाने में यूएपीए की धारा 13, 17, 18, 21, 39 और 40 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी के तहत दर्ज प्राथमिकी संख्या 02/2023 में वांछित है।

# भाजपा सरकार पर जातीय जनगणना के मामले पर भरोसा नहीं किया जा सकता: अखिलेश



लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर जातीय जनगणना के आंकड़ों के मामले में भरोसा नहीं किया जा सकता है।

यादव ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''जो लोग प्रयागराज महाकुंभ जैसे पवित्र मामले (भगदड़ में हुई मौतों के मामले में) में झूठ बोल सकते है, वे भरोसे के लायक नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''ऐसे लोगों पर मतदाता सूची और जातीय जनगणना के आंकड़ों के मामले में भरोसा नहीं किया जा सकता है।

भाजपा सरकार कब कौन सा आंकड़ा दे दे, कुछ कहा नहीं जा सकता है।'' उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें जातीय जनगणना के आंकड़ों पर ध्यान रखना होगा, पूरी तरह सतर्क रहना होगा।

सरकार ने 2011 की पिछली जनगणना के 16 वर्षों बाद सोमवार को भारत की 16वीं जनगणना के लिए एक अधिसूचना जारी की, जिसमें 2027 में जातीय जनगणना शामिल होगी।

अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में एक अक्टूबर, 2026 और देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च, 2027 को संदर्भ तिथि के साथ जनगणना की जाएगी।

आगामी जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी, जो आजादी के बाद पहली बार होगी। पिछली व्यापक जाति आधारित गणना अंग्रेजों ने 1881 से 1931 के बीच करायी थी। आजादी के बाद से की गई सभी जनगणनाओं से जाति को बाहर रखा गया था। आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का फैसला 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लिया था।

## मिजोरम की चकमा परिषद में अविश्वास प्रस्ताव दिया, भाजपा सत्ता से बाहर

**आइजोल,** (भाषा) मिजोरम के चकमा स्वायत्त जिला परिषद (सीएडीसी) से भारतीय जनता पार्टी के मोलिन कुमार चकमा को अविश्वास प्रस्ताव के तहत हटा दिए जाने के बाद पार्टी सोमवार को परिषद से बाहर हो गई। परिषद में अब राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के पास सर्वाधिक सदस्य हैं और यह सीएडीसी की अगली कार्यकारी समिति बनाने का दावा पेश कर सकती है। मोलिन कुमार चकमा के नेतृत्व में चार फरवरी को कार्य समिति गठित हुई थी और ये सीएडीसी में 1972 के बाद से पहली बार गठित भाजपा शासित समिति थी। अधिकारी ने बताया कि सीएडीसी के अध्यक्ष लखन चकमा ने सदन का एक विशेष सत्र बुलाया था, जिसके दौरान वोट देने के बाद मोलिन कुमार चकमा की अध्यक्षता वाली भाजपा नीत कार्यकारी समिति को बाहर कर दिया गया। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के सदस्य दोयमॉय दावेंग चकमा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए दावा किया कि मोलिन ने अधिकतर सदस्यों का विश्वास खो दिया है।

# हज यात्रियों को लखनऊ ले कर आए विमान के पहियों से धुआं निकला, सभी यात्री सुरक्षित



**लखनऊ/बलिया,** (भाषा) जेद्दा से 242 हाजियों को लेकर लखनऊ पहुंचे सऊदी एयरलाइंस के विमान के उतरते समय पहियों से धुआं निकलने के बाद यहां हवाई अड्डे पर अलार्म बज गया। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार यह घटना रविवार सुबह शहर के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। विमान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''जेद्दा से 242 हज यात्रियों को वापस ला रहे सऊदी विमान के पहियों से धुआं निकलता देखा गया।'' उन्होंने कहा, ''विमान बचाव और अग्निशमन (एआरएफएफ) टीम मौके पर पहुंची। सऊदी टीम के साथ मिलकर धुएं पर काबू पाया गया और विमान को होने वाले नुकसान को टाला गया।'' उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

सूत्रों ने कहा, ''खाली विमान आज अपने गंतव्य वापस लौटेगा।''

इस बीच, उप्र के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री और उप्र हज कमेटी के अध्यक्ष दानिश आजाद अंसारी ने बलिया में कहा कि सभी हाजी सुरक्षित हैं।

अंसारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सभी हाजी सुरक्षित हैं। विमान के उतरने के बाद एक मामूली तकनीकी समस्या आई थी, क्योंकि विमान के पहिए से कुछ चिंगारी निकली थी।'' उन्होंने कहा, ''यात्रा के दौरान कोई समस्या नहीं आई, सभी लोग सहज थे। विमान के उतरने पर थोड़ी समस्या आई थी। सभी हाजी आराम से वापस लौट आए हैं।'' इस घटना की जांच के बारे में पूछे जाने पर अंसारी ने कहा कि हवाईअड्डा प्रशासन इस सवाल का बेहतर जवाब देगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लखनऊ की घटना को अहमदाबाद विमान दुर्घटना से जोड़ना उचित नहीं है।

अंसारी ने कहा, ''सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 3112 सुबह उतरी। उतरने के बाद हवाईअड्डा प्रशासन को कुछ तकनीकी दिक्कतें नजर आईं। अधिकारियों ने उन्हें दूर कर दिया।।'' मंत्री का कहना था कि उत्तर प्रदेश से करीब 14,000 हज यात्री गए थे। यह हज यात्रा 50 दिन पहले शुरू हुई थी। अंसारी ने कहा, ''हम हर दिन इसकी निगरानी कर रहे हैं। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि कहीं कोई दिक्कत न हो।'' उन्होंने कहा कि हज यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''सब कुछ कुशलता से किया जा रहा है। वहां सभी सावधानियां बरती गई हैं। हज यात्रा के दौरान एंबुलेंस से लेकर फायर ब्रिगेड और अन्य संसाधन उपलब्ध हैं।''

## बिजनेस एक्सप्रेस

# मजबूत संकेतों से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 678 अंक उछला




मुंबई, (भाषा) मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष तेज होने के बावजूद स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस और आईटी शेयरों को कम मूल्य पर खरीदने का रुझान देखा गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 677.55 अंक यानी 0.84 प्रतिशत उछलकर 81,796.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 747.22 अंक बढ़कर 81,865.82 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 227.90 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ।

इसके साथ ही शेयर बाजारों में दो दिन के अंतराल के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष छिड़ने से पिछले दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ₹ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। हालांकि निकट अवधि में इस तनाव का बाजार की धारणा पर असर पड़ने की आशंका है।₹

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मालकैप सूचकांक 0.38 प्रतिशत चढ़ गया।

तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांकों में तेजी देखी गई। सर्वाधिक 1.50 प्रतिशत की बढ़त आईटी खंड में दर्ज की गई जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.35 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 1.22 प्रतिशत की तेजी रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.81 प्रतिशत गिरकर 73.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

इस बीच, मई में थोक मुद्रास्फीति घटकर 0.39 प्रतिशत पर आ गई जो 14 महीने का सबसे निचला स्तर है। खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति घटी है।

आशिका स्टॉक ब्रोकिंग में तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक सुंदर केवट ने कहा, ₹पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजारों ने जुझारूपन दिखाया।₹

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,263.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

शुक्रवार को सेंसेक्स 573.38 अंक गिरकर 81,118.60 अंक और निफ्टी 169.60 अंक गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ था।

# घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर मामूली घटकर 3,44,656 इकाई पर



नयी दिल्ली, (भाषा) घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,47,492 इकाई थी।

वाहन विनिर्माताओं के निकाय 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स' (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री मई में 2.2 प्रतिशत बढ़कर 16,55,927 इकाई रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी महीने में यह 16,20,084 इकाई थी।

सियाम ने कहा कि सभी श्रेणियों में वाहनों की कुल थोक बिक्री 1.8 प्रतिशत बढ़कर 20,12,969 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल मई में यह 19,76,674 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बयान में कहा, '' सभी वाहन खंडों ने मई 2025 में स्थिर प्रदर्शन दर्ज किया।'' उन्होंने कहा कि हालांकि यात्री वाहन खंड में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन कुल 3.45 लाख इकाइयों की बिक्री मई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बिक्री रही।

सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री मई 2024 में 1,44,002 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 1,35,962 इकाई रह गई। इसके साथ ही यह इस खंड में अग्रणी रही।

आंकड़ों के अनुसार, घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 2024 की 43,218 इकाइयों के मुकाबले 52,431 इकाइयों की बिक्री की, जबकि हुंदै मोटर इंडिया ने मई 2024 में 49,151 इकाइयों की तुलना में 43,861 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज की। दोपहिया वाहन खंड में मोटरसाइकिल की बिक्री मई 2024 में 10,38,824 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 10,39,156 इकाइयों पर लगभग स्थिर रही।

दूसरी ओर, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 7.1 प्रतिशत बढ़कर 5,79,507 इकाई हो गई, जबकि मई 2024 में यह 5,40,866 इकाई रही थी। घरेलू बाजार में कुल तिपहिया वाहनों की बिक्री मई में सालाना आधार पर 55,763 इकाइयों की तुलना में 3.3 प्रतिशत घटकर 53,942 इकाई रह गई।

# डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 86.04 पर बंद

मुंबई, (भाषा) अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की मजबूती के साथ 86.04 पर बंद हुआ। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, कमजोर होते डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख के कारण रुपये में यह तेजी आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, निर्यात में गिरावट और विदेशी पूंजी निकासी के कारण रुपये में तेजी पर अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 86.16 पर खुला तथा 85.94 से 86.24 के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में 86.04 पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से सात पैसे की तेजी है। शुक्रवार को रुपया 86.11 पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, ''लेकिन निचले स्तरों पर डॉलर की अच्छी खरीदारी हुई, क्योंकि बाजार पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजराइल युद्ध के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि मंगलवार को रुपया 85.75 से 86.50 के व्यापक दायरे में रह सकता है।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, अनुज चौधरी के अनुसार, कमजोर अमेरिकी डॉलर और घरेलू बाजारों में उछाल के कारण भारतीय रुपये में तेजी आई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी रुपये को सहारा दिया। हालांकि, पश्चिम एशिया में तनाव ने तेज बढ़त को रोक दिया।

छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत घटकर 97.98 रह गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 677.55 अंक बढ़कर 81,796.15 अंक, जबकि एनएसई निफ्टी 227.90 अंक बढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण पिछले कुछ दिनों में भारी तेजी आने के बाद वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की वायदा कीमत 0.79 प्रतिशत घटकर 73.64 प्रति बैरल रही।

# निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर पर



नयी दिल्ली, (भाषा) देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21.88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

इससे पहले, दो महीनों तक निर्यात में वृद्धि दर्ज की गयी थी।

मई में आयात सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटकर 60.61 अरब डॉलर रहा। इस दौरान खासतौर से सोना और कच्चे तेल का आयात घटा।

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात 3.11 प्रतिशत बढ़कर 77.19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात आठ प्रतिशत बढ़कर 125.52 अरब डॉलर रहा। व्यापार घाटा 48.33 अरब डॉलर था।

मई में निर्यात और आयात में गिरावट के चलते व्यापार घाटा कम हो गया। पिछले साल इसी महीने यह 22.51 अरब डॉलर तथा इस साल अप्रैल में यह 26.42 अरब डॉलर था।

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते वस्तुओं के निर्यात में कमी आई। ईरान-इजराइल युद्ध के कारण में और दबाव देखने को मिल सकता है।

मई में नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले मुख्य निर्यात क्षेत्रों में चावल, लौह अयस्क, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग और कुछ कपड़ा खंड के सामान शामिल थे। इस दौरान पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 30.32 प्रतिशत घटकर 5.6 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह कच्चे तेल और सोने का आयात 26.14 प्रतिशत और 12.6 प्रतिशत घटकर क्रमशः 14.75 अरब डॉलर और 2.5 अरब डॉलर रह गया। हालांकि चाय, कॉफी, मसाले, सभी प्रकार के वस्त्र, रसायन, समुद्री उत्पाद और फार्मा के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

मई में इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात 54.1 प्रतिशत बढ़कर 45.7 अरब डॉलर हो गया।

इन आंकड़ों पर वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत निर्यात के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

उन्होंने कहा, "वैश्विक स्तर पर व्यापार को नीतिगत अनिश्चितता, जारी संघर्ष के बावजूद, व्यापार के मोर्चे पर हमने (अप्रैल-मई के दौरान) बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।"

# अमेरिका के साथ शुरुआती चरण का व्यापार समझौता नौ जुलाई से पहले करने की कोशिश: वाणिज्य सचिव



नयी दिल्ली, (भाषा) भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए बातचीत की प्रगति अच्छी है और दोनों पक्षों के नौ जुलाई से पहले समझौते के शुरुआती चरण पर सहमत होने की उम्मीद है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, "हम शुरुआती चरण पर काम कर रहे हैं और जैसा कि आप जानते हैं कि एक तारीख (नौ जुलाई) है, उससे पहले हम इस शुरुआती चरण को पूरा करना चाहेंगे।"

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के दल व्यापार वार्ता के लिए एक-दूसरे के देश की यात्रा कर रहे हैं। "हमने भी दो बार अमेरिका का यात्रा किया। अमेरिकी दल भी दो बार यहां आया। अच्छी प्रगति हुई है और हमें उम्मीद है कि यह समयसीमा के भीतर पूरा हो जाएगा।"

अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए नौ जुलाई तक स्थगित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का मूल शुल्क अभी भी लागू है।

उनसे जब पूछा गया कि क्या यूएस फास्ट ट्रैक ट्रेड अथॉरिटी (जिसे ट्रेड प्रमोशन अथॉरिटी के नाम से भी जाना जाता है) के नहीं होने से भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते में देरी हो सकती है, तो एक अधिकारी ने कहा कि यह अमेरिकी अधिकारियों पर निर्भर है कि वे भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए अपने स्थानीय नियमों को कैसे लागू करें।

अधिकारी ने कहा कि भारत और अमेरिका 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य बना रहे हैं, और शुल्क कम किए बिना ऐसा नहीं हो सकता।

अधिकारी ने कहा, "दोनों देश एक-दूसरे के बाजारों में बेहतर पहुंच की तलाश कर रहे हैं।"

यूएस फास्ट ट्रैक ट्रेड अथॉरिटी एक विशेष तंत्र है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति को व्यापार समझौतों पर बातचीत करने और उन्हें संशोधन या प्रक्रियात्मक देरी के बिना कांग्रेस के समक्ष मतदान के लिए प्रस्तुत करने की अनुमति देता है।

यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता पर वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव एल सत्य श्रीनिवास ने कहा कि वार्ता का अगला दौर सात जुलाई से ब्रसेल्स में होगा।

# ईडी ने बांग्लादेशियों के लिए भारतीय पहचान पत्र बनाने वाले पाकिस्तानी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक पाकिस्तानी व्यक्ति के खिलाफ धन शोधन निरोधक कानून के तहत आरोपपत्र दाखिल किया है, जो आधार, मतदाता पहचान पत्र और पासपोर्ट सहित महत्वपूर्ण सरकारी पहचान पत्र अवैध रूप से हासिल करके कोलकाता में भारतीय के रूप में रह रहा है।



ईडी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वह यहां आने वाले बांग्लादेशियों के लिए ''फर्जी'' भारतीय पहचान पत्र बनाकर और हवाला जैसी अन्य अवैध गतिविधियों के जरिए काले धन को सफेद बना रहा था।

ईडी ने कहा कि उसने 13 जून को कोलकाता में विशेष धन शोधन निवारण (पीएमएलए) अदालत के समक्ष आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद उर्फ आजाद हुसैन नामक व्यक्ति के खिलाफ अभियोजन शिकायत प्रस्तुत की है।

अदालत ने ''पाकिस्तानी नागरिक'' के खिलाफ संज्ञान लिया है और सुनवाई की तारीख तय की है।

ईडी ने अप्रैल में इस मामले में छापेमारी की थी। उस समय प्रेस को दिए बयान में ईडी ने कहा था कि मलिक बांग्लादेशी नागरिक है। उसने मलिक को धन शोधन रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया और जांच में पता चला कि वह वास्तव में पाकिस्तानी नागरिक है।

ईडी का मामला पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा मलिक और अज्ञात अन्य के खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 के उल्लंघन के लिए दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी के बयान में कहा गया है, ''जांच में पाया गया कि वह व्यक्ति एक पाकिस्तानी नागरिक है जो अवैध रूप से भारत में रह रहा है।''

ईडी ने कहा, ''उसके मोबाइल फोन से 1994 का एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया गया, जिस पर आजाद हुसैन नाम लिखा था और उस पर आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद का फोटो लगा था। इसमें उसके पिता का नाम मुमताज-उल-हक और स्थायी पता पाकिस्तान का लिखा था।''

इसमें कहा गया है कि ड्राइविंग लाइसेंस में उसकी जन्मतिथि 14.08.1971 दर्ज है और इसे पाकिस्तान के हैदराबाद में लाइसेंसिंग प्राधिकार द्वारा जारी किया गया था।

ईडी ने कहा कि अपनी असली पहचान छिपाने के लिए, व्यक्ति ने ''आजाद मलिक'' नाम अपनाया और जाली दस्तावेज जमा करके आधार, पैन (आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र और पासपोर्ट जैसे कई भारतीय पहचान दस्तावेज हासिल किए।

एजेंसी ने पाया कि यह व्यक्ति भारत और बांग्लादेश के बीच अवैध तरीके से सीमा पार धन भेजने को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हवाला नेटवर्क संचालित करता था।

ईडी ने अप्रैल में कहा था कि उस व्यक्ति के दो बेटे - ओसामा बिन आज़ाद और उमर फ़ारूक तथा उसकी पत्नी मयमुना अख़्तर बांग्लादेश के नागरिक हैं और तीनों वहीं रहते हैं। ईडी ने कहा था कि वह व्यक्ति अपने परिवार से मिलने के लिए 'अक्सर' बांग्लादेश जाता था।

## ईरान में भारतीय दूतावास स्थिति पर नजर रख रहा, भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए है: विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली, (भाषा) ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है।

विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, ''तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार सुरक्षा स्थिति पर नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है।'' बयान में कहा गया है, ''कुछ मामलों में, छात्रों को दूतावास की मदद से ईरान में ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। अन्य व्यवहार्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। और जानकारी बाद में दी जाएगी।'' इस बयान के अनुसार, दूतावास समुदाय के नेताओं से भी सतत संपर्क बनाए हुए है। इजराइल और ईरान में भारतीय दूतावासों ने स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपने 'एक्स' हैंडल पर परामर्श जारी किये हैं।

# भारत नगर में अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने भारत नगर इलाके से हिरासत में ले लिया है। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



अधिकारी ने बताया कि 13 जून को पुलिस ने क्षेत्र में 25 फुटपाथ और 32 गलियों में घर-घर जाकर गहन सत्यापन अभियान के तहत इन 19 वयस्कों और 17 बच्चों समेत कुल 36 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उत्तर-पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भीष्म सिंह ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ''उनके पास से 13 बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र और सात मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप थी। इस ऐप का इस्तेमाल अक्सर सीमा के उस पार संचार के लिए किया जाता है।'' पुलिस ने बताया कि संदिग्ध लोग विदेशी अधिनियम, 1946 का उल्लंघन करते हुए बिना वैध यात्रा दस्तावेजों, वीजा या परमिट के रह रहे थे।

डीसीपी ने बताया कि विदेशी प्रकोष्ठ की टीम ने पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ की, जिसमें प्रारंभिक संदिग्धों में से एक ने कथित तौर पर बांग्लादेशी नागरिक होने की बात स्वीकार ली। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ने इलाके में अवैध रूप से रह रहे अन्य लोगों की पहचान करने में भी मदद की।

जांचकर्ताओं के अनुसार, पकड़ा गया समूह पहले हरियाणा के मेवात में एक ईंट भट्ठे पर काम करता था।

डीसीपी ने बताया कि यह समूह पुलिस कार्रवाई के डर से मेवात से भाग गया और अस्थायी रूप से दिल्ली के विभिन्न फुटपाथ पर बस गया। उन्होंने बताया कि पकड़े जाने से बचने के लिए ये बार-बार अपना स्थान बदलते रहे।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''टीम द्वारा कार्रवाई किए जाने के समय वे किराये के मकान की तलाश कर रहे थे।'' उन्होंने कहा कि पुलिस ने विदेशी नागरिकों की पहचान बांग्लादेश के रंगपुर संभाग के कुरीग्राम और लालमोनिरहाट जैसे विभिन्न जिलों के निवासियों के रूप में की है।

डीसीपी ने बताया कि अधिकतर परिवार अवैध रूप से भारत में घुसे थे और मजदूर बनकर उन्होंने अपने समूह बना लिए थे।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन 70 प्रतिशत टीके, अमेरिका 14 प्रतिशत जेनेरिक दवा भारत से आयात करता है: मंत्री

नयी दिल्ली, 16 जून (भाषा) केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा खरीदे गए कुल टीकों में से 70 प्रतिशत और अमेरिका द्वारा आयातित जेनेरिक दवाओं में से 14 प्रतिशत भारत से जाती हैं।




पटेल ने भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आईपीसी) द्वारा आयोजित द्वितीय नीति निर्माताओं के फोरम के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया। फोरम में 24 देशों के नीति निर्माताओं और दवा नियामकों का एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है।

भारतीय फार्माकोपिया की मान्यता को बढ़ावा देने और भारत की प्रमुख किफायती दवाओं की पहल-प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) में सहयोग के उद्देश्य से इस फोरम का आयोजन भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आईपीसी) द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है।

अपने संबोधन में पटेल ने गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक स्वास्थ्य समानता को सुविधाजनक बनाने में नियामक सामंजस्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और ज्ञान-साझाकरण, क्षमता-निर्माण और स्वास्थ्य कूटनीति के माध्यम से देशों के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करना जारी रखता है।

जन औषधि केंद्रों के महत्व को रेखांकित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे जन औषधि केंद्र हमारे सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की भारत की प्रतिबद्धता के शानदार उदाहरण हैं। जन औषधि हमारे नागरिकों की जेब से होने वाले खर्च को कम करने के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक रही है।

टीके उपलब्ध कराने की दिशा में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत टीकों का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। पटेल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के कुल टीकों में से 70 प्रतिशत भारत से प्राप्त होते हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत ने 'वैक्सीन मैत्री' पहल शुरू की और 100 से अधिक मित्र देशों को टीके की आपूर्ति की, जो वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति भारत की गहरी जिम्मेदारी की भावना और संकट के समय में मित्र देशों की मदद करने की उसकी भूमिका को दर्शाता है।

## बार निकाय ने वरिष्ठ वकील के खिलाफ ईडी के समन की आलोचना की

नयी दिल्ली, (भाषा) 'सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन' ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना की जिसने एक कंपनी को कानूनी सलाह देने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार को तलब किया।

ईडी ने बाद में इस नोटिस को वापस ले लिया। यह दातार को इसलिए जारी किया गया था क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन रश्मि सलूजा को जारी किए गए ईएसओपी (इंप्लाइ स्टॉक ऑनरशिप) पर केयर हेल्थ इंश्योरेंस को कानूनी सलाह दी थी।

एससीएओआरए ने कहा कि इस तरह का नोटिस समग्र रूप से कानूनी समुदाय के लिए एक भयावह संदेश है तथा प्रत्येक नागरिक के बिना किसी भय या धमकी के स्वतंत्र कानूनी परामर्श प्राप्त करने के मूलभूत अधिकार को खतरे में डालता है।

# पीलीभीत पार्टी कार्यालय विवाद: शीर्ष अदालत ने सपा की याचिका खारिज की, उच्च न्यायालय जाने को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की एक याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई थी जिसमें नगरपालिका परिषद द्वारा पीलीभीत के सपा जिला अध्यक्ष को स्थानीय पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए कहे जाने के बाद उनके नयी याचिका दायर करने पर रोक लगा दी गई थी।



न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने हालांकि सपा को इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी।

उच्चतम न्यायालय ने आनंद सिंह यादव नामक व्यक्ति की याचिका पर उच्च न्यायालय के एक दिसंबर, 2020 के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में 998 दिनों की देरी पर गौर किया। आनंद सिंह यादव ने पार्टी का जिला अध्यक्ष होने का दावा किया था।

पीठ ने कहा कि सपा ने उच्च न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले ली है, लेकिन यादव को इस मुद्दे पर कोई नयी याचिका दायर करने से रोक दिया गया है।

पीठ ने कहा, ''हमारा दृढ़ मत है कि (उच्च न्यायालय के) उक्त आदेश को याचिकाकर्ता के अधिकारों के प्रतिकूल नहीं माना जा सकता। तदनुसार, विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।''

पार्टी की अपील के अनुसार, यादव ने पीलीभीत की नगरपालिका परिषद द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय से बेदखली का आदेश पारित करने का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की।

उसने कहा कि उच्च न्यायालय ने रिट याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और यादव को उसी कारण से उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर करने से रोक दिया।

राजनीतिक दल ने दावा किया कि वह यादव के विचारों का समलल्र्थन नहीं करता है, जिन्होंने व्यक्तिगत तौर पर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी।

राजनीतिक दल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने राहत पाने के लिए उच्च न्यायालय जाने की अनुमति मांगी। दवे ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के कारण, पार्टी को नयी याचिका दायर करने से रोक दिया गया था, हालांकि परिसर पार्टी का था और वे पिछले 16 साल से किराया दे रहे थे। सपा ने दावा किया कि नगर निकाय ने उसका पक्ष सुने बिना 12 नवंबर, 2020 को परिसर खाली करने का आदेश दिया।

अपील में कहा गया है, ''इसलिए, पार्टी उच्च न्यायालय से नगरपालिका परिषद, पीलीभीत के अध्यक्ष और उसके कार्यकारी अधिकारी को 17 मार्च, 2005 के कब्जे के पत्र के अनुसार याचिकाकर्ता के पक्ष में 'लीज डीड' के कार्यान्वयन पर निर्णय लेने का निर्देश देने का अनुरोध करना चाहती है।''

# ओडिशा की भाजपा सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया, उत्सव मनाना जनता का अपमान: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने सोमवार को दावा कि ओडिशा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पिछले एक वर्ष में अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है और ऐसे में उत्सव मनाया जाना राज्य की जनता का अपमान है।



ओडिशा में पिछले साल भाजपा की सरकार बनी थी और दो दशक से अधिक समय बाद नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल सरकार सत्ता से बाहर हुई थी। प्रदेश में पहली बार भाजपा की अपने बलबूते सरकार बनी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने अहमदाबाद विमान हादसे का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, ''देश गम में डूबा है और ओडिशा में भाजपा सरकार 12 जून से 20 जून तक उत्सव मना रही है। खुद प्रधानमंत्री मोदी इस उत्सव का समापन करने जाएंगे।'' उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार भले ही उत्सव मना रही है, लेकिन उसने एक भी वादा पूरा नहीं किया है।

दास ने दावा किया, ''ओडिशा में स्वास्थ्य सुविधाओं के हालात बदतर हैं। राज्य के लगभग सभी जिलों में बहुत सारे पद खाली पड़े हैं। 12,000 की आबादी पर एक डॉक्टर भी नहीं है। राज्य के कई अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड खारिज हो रहे हैं। जनता को मजबूरी में निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जनता परेशान है, किसानों को लूटा जा रहा है, राज्य में बेरोजगारी है, अस्पताल नहीं है। ऐसे समय में सरकार को उत्सव मनाने का कोई हक नहीं है।

# हरदीप पुरी ने खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जी7 शिखर सम्मेलन से पहले कनाडा में खालिस्तान समर्थक हालिया प्रदर्शनों को खारिज करते हुए प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया और कहा कि इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।



पुरी ने कहा, ''एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये लोग पड़ोसी देश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनसे फंडिंग नहीं मिली है।'' उन्होंने कहा, ''ये जो किराये के टट्टू हैं, इन्हें गंभीरता से मत लीजिए।''

मंत्री ने यह टिप्पणी लुटियंस दिल्ली के 14, पंत मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष और दिल्ली सरकार के 100 दिन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए की।

प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से अपनी यात्रा के दूसरे चरण में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचेंगे।

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंताओं पर पुरी ने आश्वासन दिया कि भारत के ऊर्जा भंडार मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा, ''आज हमारे पास ऊर्जा की ऐसी स्थिति है, जहां हमारे पास पर्याप्त स्टॉक है, हमारा अपना उत्पादन बढ़ रहा है।''

उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014 में, हमारा जैव-ईंधन मिश्रण 1.4 प्रतिशत था, किसने सोचा था कि यह अब 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा?'' उन्होंने भारत के हरित ऊर्जा क्षेत्र में हाल की प्रगति का भी उल्लेख किया। पुरी ने कहा, ''हरित हाइड्रोजन, जिसे भविष्य का ईंधन माना जाता है, अब एक वास्तविकता बन रहा है।''

## एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर रवीना टंडन ने कहा: ऐसा जख्म, जो कभी नहीं भरेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति सोमवार को शोक व्यक्त किया। टंडन ने यह प्रतिक्रिया उस समय दी, जब वह एअर इंडिया की एक उड़ान में यात्रा कर रही थीं।

बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में विमान में सवार 241 लोगों समेत 270 व्यक्तियों की जान चली गई। यह हाल के वर्षों में देश की सबसे बड़ी विमान दुर्घटनाओं में से एक है।

रवीना टंडन ने सोमवार को अपने 'इंस्टाग्राम हैंडल' पर विमान से कई तस्वीरें साझा कीं और कहा कि यह घटना ₹ऐसा जख्म है, जो कभी नहीं भरेगा₹। उन्होंने 'कैप्शन' में लिखा, ''नयी शुरुआत... तमाम कठिनाई के बावजूद फिर से उठने और उड़ान भरने के लिए... सब कुछ फिर से शुरू करने का संकल्प।

# न्यायिक सेवा परीक्षा के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य करने वाले फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय में दायर एक याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है।



प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम तीन साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था।

हाल ही में अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण कराने वाले चन्द्र सेन यादव द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में तर्क दिया गया है कि यह इच्छुक विधि स्नातकों के संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 16 (सभी नागरिकों के लिए सार्वजनिक रोजगार के मामलों में अवसर की समानता) के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि सभी न्यायिक सेवा अभ्यर्थियों के लिए तीन वर्ष की वकालत की अनिवार्यता लागू करना मनमाना और अनुचित भेदभाव है, जो नए विधि स्नातकों को सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर से वंचित करता है।

याचिका में विशेष रूप से उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों को नए पात्रता मानदंड लागू करने के लिए अपने सेवा नियमों में संशोधन करने के निर्देश को चुनौती दी गई है।

# ईडी ने संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में वाद्रा को नया समन जारी किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा के पति रॉबर्ट वाद्रा को नया समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



सूत्रों ने बताया कि वाद्रा को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। इस मामले की जांच धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। वाद्रा (56) को इस मामले में 10 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह यह कहकर पेश नहीं हुए थे कि नौ जून को उनमें फ्लू जैसे लक्षण थे और उन्होंने प्रोटोकॉल के अनुसार कोविड जांच कराई थी। उनके वकील ने तब कहा था कि वाद्रा का समन को नजरअंदाज करने का कोई इरादा नहीं है और वह इस महीने के अंत में विदेश यात्रा से पहले या बाद में कभी भी ईडी के समक्ष पेश होने के लिए तैयार हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि एजेंसी ने वाद्रा को पीएमएलए के तहत बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है, जिसके बाद मामले में आरोप-पत्र दाखिल किया जाएगा। ईडी ने हरियाणा में 2008 के एक भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग धनशोधन मामले में अप्रैल में लगातार तीन दिन तक वाद्रा से पूछताछ की थी। ईडी द्वारा धनशोधन के तीन मामलों में उनकी जांच की जा रही है। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था।

ब्रिटेन की एक अदालत ने इस महीने की शुरुआत में भारत सरकार द्वारा प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को बरी किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगने के लिए दायर आवेदन को अस्वीकार कर दिया था।

# सोना 170 रुपये टूटकर 1,01,370 रुपये पर, चांदी 1,000 रुपये फिसली

नयी दिल्ली, (भाषा) कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 170 रुपये गिरकर 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने जानकारी दी।




99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये घटकर 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

शुक्रवार को चांदी 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''भारत-अमेरिका और अमेरिका-यूरो क्षेत्र के बीच संभावित व्यापार सौदों की रिपोर्ट आने के बाद मुनाफावसूली देखी गई जिससे सोना 99,800 रुपये के आसपास सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था।''

उन्होंने कहा, ''सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग में इस नरमी के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने में मामूली गिरावट आई।''

वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 13.23 डॉलर प्रति औंस टूटकर 3,419.41 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''सोने की कीमतों में मामूली गिरावट आई है, लेकिन यह रिकॉर्ड ऊंचाई के आसपास बनी हुई है।



# दो घंटे की बारिश में बह गए स्मार्ट सिटी और नगर निगम के दावे

### तड़के बारिश ने मचाई तबाही,जलमग्न हुआ आधा बरेली नालें चोंक गली मोहल्लों और सरकारी दफ्तरों में भरा पानी आम जनजीवन अस्त व्यस्त





**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली।शहर में सोमवार तड़के करीब 3:00 बजे तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश ने जमकर कहर बरपाया। बिजली की तेज गड़गड़ाहट और हवाओं के बीच हुई भारी बारिश से शहर की कई कॉलोनियों, घरों और सरकारी दफ्तरों में पानी भर गया। पहली ही बारिश में शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। कई इलाकों की सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश इतनी तेज थी कि पानी कुछ ही देर में घरों के अंदर घुस गया। सरकारी दफ्तरों में रखे दस्तावेज और सामान भी पानी में भीग गए।नगर निगम द्वारा अभी तक कोई राहत कार्य शुरू नहीं किया गया है। कई लोग सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

# विश्व हिंदू परिषद: मौलाना तौकीर कर रहे बरेली में सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश

**●बजरंग दल को आतंकवादी संगठन कहे जाने पर भड़का विश्व हिंदू परिषद एसएसपी ऑफिस पहुंच कर सौंपा ज्ञापन**



बरेली। आईएमसी पार्टी के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां द्वारा बजरंग दल को आतंकवादी संगठन कहे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस टिप्पणी को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने गंभीर रूप से साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाला बताया है। इस संबंध में विहिप कार्यकताओं ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मौलाना तौकीर रजा पूर्व में भी विवादित बयान देते रहे हैं। उन्होंने कथित तौर पर हिंदू लड़कियों के मुस्लिम युवकों से विवाह का सार्वजनिक आह्वान किया था, जिसे प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से रोक दिया था। इसके अतिरिक्त आईएमसी पार्टी के पदाधिकारी नदीम कुरैशी पर भी बजरंग दल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी थी।

विहिप नेताओं ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा न्यायालय से जमानत पर हैं और उन्होंने कोर्ट में शपथपत्र देकर शांति और सौहार्द बनाए रखने का वचन दिया था। लेकिन उनके हालिया बयान न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन हैं और इससे शहर का माहौल खराब होने की आशंका है।

ज्ञापन में मांग की गई कि तौकीर रजा की जमानत निरस्त की जाए और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए, जिससे शहर में कानून व्यवस्था और साम्प्रदायिक शांति बना रहे।

एसएसपी कार्यालय पर ज्ञापन देने वालों में विहिप महानगर अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह राणा, आशु अग्रवाल, एडवोकेट दिव्या चतुर्वेदी, संजय शुक्ला, संजय भदौरिया, आशीष शर्मा, अविनाश मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरेली में बेखौफ हो चुके दबंग, शहर में लगातार सामने आ रही दबंगई की घटनाएं

**●तड़का मार्केट में दबंगों का जमकर उत्पात, पत्थरबाजी में दुकानदार गंभीर रूप से घायल**

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। पुलिस प्रशासन की लाख कोशिशें के बावजूद भी लगातार सामने आ रही दबंगई की घटनाएं ताजा मामला सुभाष नगर थाना क्षेत्र का है, जहां तड़का मार्केट में रविवार देर शाम उस समय अफरा तफरी मच गई जब कुछ दबंग किस्म के लोगों के बीच मामूली बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला पत्थरबाजी तक पहुंच गया। इस घटना में एक दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार क्षेत्र में रोजाना शाम के समय कुछ लोग झुंड बनाकर बैठते हैं और अक्सर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करते हैं। रविवार को भी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते पत्थरबाजी में बदल गई। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और व्यापारी दहशत में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।और कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से बाजार में गश्त बढ़ाने और ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति बनी रह सके और दुकानदार सुरक्षित महसूस कर सकें।

# बरेली सड़क हादसे में विधायक रिश्तेदार की मौत, पत्नी घायल

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। उत्तराखंड के नानकमत्ता विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा के रिश्तेदार यशोद सिंह राणा की सोमवार सुबह बरेली में एक सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रजनी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मृतक के गांव और परिवार में शोक की लहर है।

मूल रूप सेथाना नानकमत्ता (जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड)के गांव सरोजा निवासी 45 वर्षीय यशोद सिंह राणा पिछले 12 वर्षों से मुरादाबाद में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। वह लखीमपुर खीरी सदर तहसील में कानूनगोयल पद पर तैनात थे। सोमवार सुबह वे अपनी पत्नी रजनी सिंह के साथ ड्यूटी पर जा रहे थे।जैसे ही उनकी कार बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के नवादिया झादा गांव के पास हाईवे पर पहुँची, तभी दो भारी वाहनों के बीच उनकी कार फंस गई और जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में यशोद सिंह राणा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल रजनी सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद उन्होंने अपने परिजनों को फोन कर हादसे की जानकारी दी। इसके बाद नानकमत्ता विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा स्वयं घटनास्थल पर पहुँचे।

विधायक ने बताया कि यशोद सिंह राणा उनके करीबी रिश्तेदार थे। हादसे की खबर से पूरे गांव सरोजा और परिजनों में शोक व्याप्त है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं।

पुलिस ने टक्कर मारने वाले एक वाहन को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## चालीस मुकदमों में वांछित अभियुक्त दबोचा


नेशनल एक्सप्रेस/बहेड़ी। पुलिस से छुपकर उत्तराखण्ड में रहने वाले एवं मांस का नाजायज धंधा करने वाले युवक को एक तमंचा और एक बाइक के साथ बहेड़ी पुलिस नेगिरफ्तार किया है। पुलिस ने ब्युलिया से सिमरा जाने वाली नहर किनारे राइस मिल के पीछे से अलीम पुत्र लईक निवासी मोहल्ला शेखूपुर हाल निवासी जनता पब्लिक स्कूल किच्छा उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को एक नाजायज तमंचे मय कारतूस और एक टीवीएस मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके पास से मिला तमंचा और कारतूस कब्जे में लेकर उसकी बाइक सीज कर दी है। अलीम के खिलाफ पशु क्रूरता,गौवध अधिनियम औ? आर्म्स एक्ट कुल 40 मुकदमे पहले से ही दर्ज है। अब पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गाजा पर इजरायल की कार्रवाई और अमेरिका के हस्तक्षेप पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन

**मौलाना बोले**

**अमेरिका मुसलमान विरोधी डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में अमेरिका अस्थिर हुआ कई शहरों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं लगातार जारी है**

**नेशनल एक्सप्रेस**



ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इजराइल-हमास संघर्ष पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने गाजा में इजराइल की कार्रवाई की आलोचना की।

मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि गाजा में इजराइल के हमले से हजारों बेगुनाह महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। मौलाना ने इजराइल और अमेरिका को इस्लाम का विरोधी बताया। साथ ही अरब देशों की चुप्पी पर नाराजगी व्यक्त की।मौलाना ने संयुक्त राष्ट्र, अरब लीग और ओआईसी की भूमिका पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि ये संगठन केवल तमाशा देख रहे हैं।उन्होंने अमेरिका पर इजराइल को सैन्य मदद देने का आरोप लगाया। मौलाना के अनुसार, अमेरिका अगर इजराइल को हथियार देना बंद कर दे, तो इजराइल किसी अरब देश पर हमला नहीं कर सकता।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की आलोचना करते हुए मौलाना ने कहा कि उनकी नीतियों से अमेरिका अस्थिर हुआ है। कई शहरों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं जो लगातार जारी है। अंत में मौलाना रजवी ने मुस्लिम देशों को एकजुट होने की सलाह दी। साथ ही मौलाना ने मुस्लिम संप्रदाय को चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर भविष्य में मुसलमान की स्थिति और बिगड़ सकती है।

# शोहदों ने किया युवती का जीना हराम, छेड़खानी और मारपीट का आरोप

**■घर के सामने जरी के कारखाने मे काम करके लगातार कर रहे मानसिक प्रताड़ित, पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के काका टोला निवासी एक महिला गुड़िया ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें उसने इलाके के कुछ युवकों पर छेड़खानी, जबरन घर में घुसकर मारपीट और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता का आरोप है कि उसके घर के सामने एक जरी (कढ़ाई) का कारखाना है, जिसमें आरोपी फारूक और अन्य लोग काम करते हैं। फारूक द्वारा उसकी पुत्री के साथ कई बार अशोभनीय हरकतें की गईं, जिस पर महिला ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

महिला का कहना है कि 14 जून की शाम फारूक अपने साथियों सोहेल, शोएब, राजू, मोहसिन, शाहनवाज, नाजिम, मुन्ना और आसिफ के साथ मिलकर जबरन उसके घर में घुस आया। आरोप है कि फारूक ने उसकी बेटी के साथ अभद्रता करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसकी भतीजी रीनू के साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के बाद से परिवार दहशत में है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का यह भी कहना है कि इलाके में बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को गंभीर होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### देवरनियां पुलिस ने अवैध कच्ची शराब और सट्टा में पांच को पकड़ा

नेशनल एक्सप्रेस/बहेड़ी। कोतवाली देवरनियां पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ का अभियान तेज करते हुए पांच अभियुक्तियों को गिरफ्तार किया है। नवनियुक्त थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने अपराधियों के ऊपर लगाम कसते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी द्वारा गठित टीम ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि देवरनियां निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र समसुद्दीन को सट्टा पर्ची और 1180 रुपए के साथ गांव मंगतपुर के पास से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा देवरनियां निवासी हरिओम पुत्र सोमपाल को दो लीटर कच्ची शराब के साथ देवरनियां हाईवे से, देवरनियां निवासी शफीक पुत्र हसीब अहमद और प्रमोद पुत्र रामस्वरूप को सट्टा पर्ची और 220 रुपए के साथ चठीया सरकारी स्कूल के पास से, जबकि देवरनियां निवासी अफजाल पुत्र अनवार को एक नाजायज चाकू के साथ शारदा नहर के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में पैट्रोल सैल्समैन की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गजरौला। स्टेट हाईवे पर पर मैजिक की टक्कर से बाइक सवार पैट्रोल पंप सैल्समैन की मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव चाकीखेड़ा गांव निवासी महेश चौहान पुत्र हरि सिंह नौगावां सादात क्षेत्र में स्थित एक पैट्रोल पंप पर सैल्समैन का काम करता था। वह सोमवार की सुबह ड्यूटी करके धनौरा मार्ग होते हुए अपने गांव वापस लौट रहा था। जब वह जोगीपुरा गांव के पास पहुंचा तो मैजिक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महेश चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया, घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। महेश का शव देखते ही उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### कैंटर में घुसी रोडवेज की बस, कई यात्री जख्मी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गजरौला। रविवार व सोमवार की मध्यरात्रि में करीब सवा तीन बजे रोडवेज बस आगे चल कैंटर में घुस गई। सीओ ऑफिस के सामने यह घटना घटित हुई। हादसे में बस में सवार कई यात्री चोटिल हो गए। हरदोई डिपो की यह बस मुरादाबाद से चलकर दिल्ली जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

यात्री राजू, नरेंद्र सिंह, राहुल, रेखा, जाकिर, शमसुद्दीन, साहिल निवासी बरेली आदि सहित कुछ अन्य यात्रियों को भी मामूली चोट आई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। बता दें कि गजरौला क्षेत्र में इन दिनों सड़क हादसों की काफी खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिन भी बाइक सवार चचेरे तहेरे भाईयों को कैंटर ने रौंद दिया, हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। शनिवार को भी सड़क हादसे हुए थे।

# श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वी0जी0आई0 मेरठ के 22 छात्र-छात्राओं का शिपिंग एवं लॉजिस्टिक कम्पनी चयन, प्रबंधन में खुशी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में दिल्ली स्थित देश की प्रतिष्ठित शिपिंग एवं लॉजिस्टिक कम्पनी साइरो लॉजिस्टिक प्रा0 लि0 द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 22 छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये। वेंक्टेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राऐं देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ संकल्पित है। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे, डॉ0 पीयूष पाण्डेय, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 सर्वानन्द साहू, डॉ0 अनिल जायसवाल, डॉ0 सुमन, डॉ0 एल0एस0 रावत, सलाहकार आर0एस0 शर्मा, डॉ0 अंजलि भारद्धाज, डॉ0 स्नेहलता, एच0आर0 हेड कुलदीप सिंह, डॉ0 अश्विन सक्सेना, डॉ0 ओमप्रकाश गोसाई, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, एस0एस0 बघेल, डॉ0 विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे पर सदर विधायक महबूब अली ने जताया दु:ख

**मृतकों व घायलों को मुआवजे की करेंगे सरकार से मांग**

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अमरोहा। थाना रजबपुर के गांव अतरासी में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे मृतकों व घायलों के प्रति सदर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोकलेखा समिति के सभापति महबूब अली ने शोक संवेदना व्यक्त कर कहा की यह हादसा बहुत दुखद: है। कहा कि कहा कि इस दुर्घटना से क्षेत्र के कई लोग हताहत हुए है मै ईश्वर से प्रार्थना करूँगा कि उनके परिवारजनों को ऐसे असीम असहनीय कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करे। कहा कि वह सरकार से माँग करूँगें कि इस भीषण दुर्घटना में मरने वाले लोगो को 25-25 लाख रुपए तथा सभी घायलो को 10-10 लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दें। जिससे उनके परिवारजन को आर्थिक मदद मिल सके।

# नमस्वी जैन ने मारी रैंप वॉक में बाजी




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गजरौला। नगर के एमडीए कॉलोनी में स्थित एडिक्शन डांस एकेडमी में 15 दिन से आयोजित हो रहे समर कैंप का सोमवार को समापन किया गया। इस अवसर पर रैंप वॉक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नमस्वी जैन, द्वितीय पुरस्कार मानुषी चौधरी व तृतीय पुरस्कार रवजोत ने जीता। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। आयोजक कमल वर्मा ने सभी बच्चों के प्रयास को सराहा। इस मौके पर अदिति शर्मा, सचि शर्मा, रूहानी, नित्या पाठक, आदित्य, भार्गव, शुभिन सत्यान, नवनया गुप्ता, शिवांश, एरिका गुप्ता, ओम जैन, आद्दति जैसवाल मौजूद रहे।

# भाकियू शंकर का कलेक्ट्रेट पर धरना- प्रदर्शन, नारेबाजी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।**



भारतीय किसान यूनियन शंकर ने किसान समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की है। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से वार्ता करते हुए उनकी सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुतुबपुर-हमीदपुर गांव में बीती 7 जून को आदमखोर तेंदुए ने आधा दर्जन किसानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया, वहीं इस दौरान अज्ञात कारणों से तेंदुए की भी मौत मृत्यु हो गई। लेकिन वन विभाग के द्वारा पीड़ित किसानों पर मुकदमें दर्ज करते उन्हें जेल भेज दिया। इसमें घायल हुए सभी किसानों को एक लाख रुपये मुआवजा व उन पर लगे सभी मुकदमो को समाप्त किया जाना चाहिए। चक्कालीलेट गांव में कंटेनर डिपो के लिएं अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का मुआवजा 20 लाख रुपये प्रति बीघा दिया जाना चाहिए, इसके साथ ही प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी भी भी दी जानी चाहिए। जनपद के किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। रामनिवास गुर्जर, मोनू चौधरी, संजीव कुमार, राजपाल सैनी ,रवि पप्पू, अनिल भटनागर, अशोक चौधरी बबीता रानी मंजू पूनम चौधरी जरीना रेखा देवी सर्वेश देवी क्रांति देवी संतोष देवी माया देवी ज्योति कुसुम देवी मनजीत सिंह अमित भारत मुकुट लाल सैनी संजय सैनी उमेश सैनी ब्रह्मपाल सैनी, आदि मौजूद रहे।

# घायल गोवंश को मिला उपचार, पुलिस कप्तान ने खुद लिया संज्ञान

**नेशनल एक्सप्रेस की खबर का बड़ा असर**

**संभल पुलिस ने दिखाई मानवता, बेजुबान की पीड़ा को दिया सम्मान**








**नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय**

सम्भल। धनारी। नेशनल एक्सप्रेस में प्रकाशित खबर का धनारी में बड़ा असर देखने को मिला। बीते एक माह से अपने बछड़े के साथ घायल अवस्था में धनारी बस स्टैंड क्षेत्र में घूम रही बेजुबान गौमाता के दर्द को आखिरकार पुलिस कप्तान कृष्ण कुमार बिश्नोई ने समझा और संज्ञान में लिया।

गंभीर रूप से घायल इस गोवंश का अब तक कोई उपचार नहीं हुआ था। समाचार प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों बाद पुलिस अधीक्षक सम्भल ने खुद इस मामले में एक्शन लिया और थाना धनारी पुलिस को तत्काल प्रभाव से उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

**पुलिस और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त कार्रवाई:** एसपी के निर्देश मिलते ही थाना धनारी के थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में पशु चिकित्सा केंद्र धनारी से डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया। डॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर घायल गोवंश का उपचार किया। गंभीर रूप से घायल गोवंश को उपचार के बाद थाना धनारी परिसर में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, जहां उसके आराम और देखभाल की व्यवस्था की गई है। पुलिस द्वारा इस संवेदनशीलता से भरे कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

**पुलिस कप्तान ने दिखाई संवेदनशीलता:** सम्भल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने एक मिसाल पेश करते हुए यह साबित कर दिया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था की रखवाली नहीं करती, बल्कि वह समाज के हर जीव की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है – चाहे वह इंसान हो या बेजुबान पशु।

**थाना प्रभारी संजय कुमार की सराहनीय पहल**

इस पूरे अभियान में थाना प्रभारी संजय कुमार की भूमिका भी बेहद सराहनीय रही, जिन्होंने न केवल डॉक्टर को तत्काल बुलाया, बल्कि घायल गोवंश को सुरक्षित आश्रय भी दिया। साथ ही यह सुनिश्चित किया कि अब उसकी देखभाल निरंतर की जाए।

### एक खबर, एक असर, एक जान बची

यह पूरी घटना इस बात का प्रतीक है कि अगर मीडिया अपनी जिम्मेदारी निभाए और प्रशासन संवेदनशीलता दिखाए तो किसी भी लाचार, घायल या बेसहारा को राहत पहुंचाई जा सकती है। यह घटना यह भी साबित करती है कि बेजुबानों की भी आवाज बन सकता है मीडिया और इंसानियत की मिसाल बन सकती है पुलिस। नेशनल एक्सप्रेस की खबर ने जहां एक ओर सिस्टम को झकझोरा, वहीं सम्भल पुलिस ने कार्यवाही करके साबित किया कि अगर इच्छाशक्ति हो तो बदलाव संभव है। यह सिर्फ एक खबर नहीं, एक जान की जीत है।

### स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया

घटना के बाद स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार व दिनेश चन्द्र ने बताया कि नेशनल एक्सप्रेस की खबर ने प्रशासन को जगाने का काम किया। पुलिस कप्तान ने खुद इस पर तुरंत एक्शन लिया, जो काबिल-ए-तारीफ है। अगर मीडिया यूं ही आवाज उठाता रहा और प्रशासन इस तरह संवेदनशीलता दिखाता रहा, तो निश्चित ही बदलाव संभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ व्यापारी नेता शंभू दयाल गुप्ता का हृदयाघात से निधन, बाजार रहा बंद

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बबराला। नगर के वरिष्ठतम व्यापारी नेता एवं समाजसेवी शंभू दयाल गुप्ता का सोमवार सुबह हृदयाघात के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। व्यापारियों ने स्वेच्छा से बाजार बंद रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।83 वर्षीय शंभू दयाल गुप्ता पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार सुबह घर पर ही उन्हें अचानक हृदयाघात आया, जिससे उनका निधन हो गया। उनके निधन से नगर ने एक जमीनी व्यापारी नेता और सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया। दोपहर को राजघाट गंगा तट स्थित शांति उपवन में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी संगठन केपदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। नगर के व्यापार मंडल और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शंभू दयाल गुप्ता सदैव व्यापारियों के हक के लिए संघर्षरत रहे। उनके निधन से नगर को अपूरणीय क्षति हुई है।

### रंगदारी मांगने पर महिला और भांजे से मारपीट, धारदार हथियार से किया हमला, केस दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। गुन्नौर कस्बे के मोहल्ला मुंडा में रंगदारी मांगने को लेकर एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे की है, जब मोहल्ले में मौजूद एक युवक से चार लोगों ने जबरन रुपये मांगने की कोशिश की और बात मारपीट तक पहुंच गई। पीड़िता सलमा पत्नी हारून ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भांजा सादिक मोहल्ले में मौजूद था, तभी मोहल्ले के ही नाजिम, आसिफ, आसिया और हनीफ ने उससे जबरन पैसे मांगने शुरू कर दिए। जब सलमा ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और फिर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में सलमा और सादिक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के ही सादान और साहिल बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा और पीड़िता की तहरीर पर चारों आरोपियों नाजिम, आसिफ, आसिया और हनीफ के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### भाजपा मंडल कार्यकारिणी घोषित, लोक निर्माण विभाग भवन में हुआ स्वागत समारोह

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। बबराला। भारतीय जनता पार्टी बबराला मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सोमवार शाम लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया।मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने के उद्देश्य से यह टीम बनाई गई है, जो आने वाले समय में सक्रियता के साथ जनहित के मुद्दों पर कार्य करेगी। घोषित कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्षः उषा शर्मा, नीरज यादव, मोनू ठाकुर, प्रशांत वार्ष्णेय, सोरन सिंह, मनोज कुमार दो महामंत्रीः संजीव खड़गवंशी, मौहर पाल सिंह छह मंत्रीः सौरभ उपाध्याय, रोहित शर्मा, शोभित भारद्वाज, कुंवर पाल यादव, विपिन कुमार, विनोद यादव कोषाध्यक्षः हरिओम गुप्ता को चुना गया है। मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने भरोसा जताया कि यह नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने और संगठन को और मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगी। समारोह में पार्टी के अनेक कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में कुल 228 लाभार्थी हुए सम्मिलित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल बहजोई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद अम्बेडकर नगर में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थियों को सहायता धनराशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका सजीव प्रसारण सभागार में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, पूर्व लोक सभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा देखा गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि तथा जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों का पुष्प देकर तथा पुस्तक तथा एक तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जनपद में दस करोड़ तिरानवे लाख साठ हजार रुपये की धनराशि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के खाते में गई है।

## चालकों को यातायात नियमों के महत्व का कराया बोध

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता के क्रम में मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा कस्बा चंदौसी में यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमे वाहन चालकों को यातायात नियमों के महत्व का बोध कराया। सड़क चिन्ह एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया।

यातायात नियमों को विस्तार से समझाया गया। जिसमें हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं।शराब पीकर वाहन न चलाएं।

चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें।वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। आप अपने परिवार के लिए बहुत अनमोल है सुरक्षित यात्रा करें। राहगीरों को यातायात नियमों के बारे में समझाया।यातायात नियमों एवं सड़क चिन्हों संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

## बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में प्रतिदिन सुबह शाम होता है योग



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। फूल प्रकाश वार्ष्णेय अध्यक्ष बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन एवं स्व० रमादेवी चेरेटेविल ट्रस्ट रजि०के द्वारा बताया गया कि बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में प्रतिदिन प्रातः और सायं योग, आसन, प्राणायाम तथा रविवार को वैदिक यज्ञ का कार्यक्रम निशुल्क होता है।अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21-06-2025 को प्रातः 5-30 पर अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम को शोभायमान करनें की कृपा करें।

## ग्राम घोसीपुरा में नेशनल हाईवे निर्माण की आड़ में अवैध खनन, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा**

सम्भल/चंदौसी घोसीपुरा गांव में नेशनल हाईवे निर्माण के नाम पर मानकों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। भारी भरकम डंपर और जेसीबी मशीनों के लगातार संचालन से ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

गांव के प्रधान राजू ने बताया कि दिन-रात करीब 30 से 35 डंपर गांव के बीचों बीच से तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे आसपास के गांवों को जोड़ने वाले सभी रास्ते टूटकर ध्वस्त हो चुके हैं।

गहरे गड्ढे, कीचड़ से लथपथ सड़कें और बरसात में भरा पानी लोगों के लिए दुर्घटनाओं का सबब बन रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं और चोटें आई हैं।

ग्राम प्रधान का कहना है कि सरकारी मानकों के विपरीत 20 से 25 फीट गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि खेती और आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। इसके संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी सिलसिले में आज घोसीपुरा गांव के कुछ पीड़ितों ने जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेसिया को ज्ञापन सौंपा, जिस पर डीएम ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, गांव निवासी नेपाल ने बताया कि खनन के चलते घरों में धूल भर जाती है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो रही हैं। बरसात के दिनों में सड़क पर 3-4 फुट तक पानी भर जाता है, जिसमें बैलगाड़ियां और ट्रैक्टर तक फंस जाते हैं। गांव वासियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

खबर लिखे जाने तक खनन अधिकारी शिवम कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन पाँच बार कॉल करने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया। खबर लिखे जाने तक खनन विभाग की ओर से कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला।

## कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 15 आश्रितों को 5-5 लाख रुपये की सहायता

### पूर्व मंत्री राजू यादव और एसडीएम वंदना मिश्रा ने बांटे डमी चेक

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल। गुन्नौर। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सोमवार को तहसील सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 15 दिवंगत कृषकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वरूप पांच-पांच लाख रुपये की राशि के डमी चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुन्नौर के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो किसानों के हितों की रक्षा और उनके परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत ग्राम ईसमपुर डांडा की सुनीता पत्नी वीरपाल, ममता पत्नी स्व. संजीव कुमार, अंगूरी देवी पत्नी स्व. राधेश्याम, ग्राम भिरावटी के करूं पुत्र गजराम, पप्पू शर्मा पुत्र रामपाल शर्मा, नीतू पत्नी स्व. धर्मेंद्र कुमार, ग्राम चाऊपुर डांडा की इमरती देवी पत्नी बलवीर, गीता पत्नी नेतराम, शांति देवी पत्नी कालीचरण, ग्राम कैल की मधु पत्नी राकेश, कमलेश पत्नी विजयपाल, ग्राम रामनगर की रामदेई पत्नी राकेश, रामवती पत्नी स्व. राजवीर, ग्राम उधरनपुर अजमत नगर की जमुना देवी पत्नी राजवीर और कस्बा गुन्नौर की राजदा बेगम पत्नी स्व. बाबू खां को सहायता राशि वितरित की गई।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना राज्य सरकार की किसानों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ती है। दुर्घटना के बाद मृत कृषकों के परिजनों को इस सहायता से जीवन यापन में सहारा मिलेगा। कार्यक्रम में तहसीलदार अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार उदय वीर सिंह, राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों और लाभार्थियों के परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार जताया।

## चार नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्णकुमार विश्नोई के द्वारा चलाये जा रहे वांछित व वारण्टी अभियुक्त गणो की गिरफ्तारी के अभियान के अनुपालन में व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी जनपद सम्भल राजेश कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक असमोली राजीव कुमार के नेतृत्व में थाना असमोली पुलिस टीम के द्वारा 04 नफर वारण्टी अभियुक्त साजिद उम्र करीब 30 वर्ष ,शमीम उम्र करीब 60 वर्ष निवासीगण ग्राम रामपुर उर्फ यारपुर थाना असमोली जनपद सम्भल सम्बन्धित मुकदमा नं0-भादवि इरफान निवासी ग्राम रामपुर उर्फ यारपुर थाना असमोली जनपद सम्भल उम्र करीब 35 वर्ष सम्बन्धित मुकदमा नं0 लालू निवासी ग्राम रुस्तमपुर न्यावली थाना असमोली जनपद सम्भल उम्र करीब 35 वर्ष सम्बन्धित मुकदमा नं0- अ0 भादवि को गिरफ्तार उ0नि0 दीपक कुमार ,का0 मयंक शर्मा ,का0 विकाश मलिक के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।

## आज से 142 महिला कांस्टेबल का होगा प्रशिक्षण : एसपी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



सम्भल। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित 142 महिला कांस्टेबल का प्रशिक्षण दिनांक 17.06.2025 से पुलिस लाइन बहजोई में शुरू होने के दृष्टिगत आज दिनांक 16.06.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा संयुक्त ट्रेनिंग कोर्स (जेटीसी) की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बहजोई अशोक कुमार मौजूद रहे।

## आंखों को सुरक्षित रखने के लिए मोबाइल आदि का उपयोग करे कम से कम

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी में सोमवार को मानवाधिकार संघ संस्था के तत्वावधान में चंदौसी के नवाबपुरा गांव में ग्राम प्रधान मीरादेवी के आवास पर एक आंखों के कैम्प (विजन परीक्षण) का आयोजन मोहन आई केयर क्लीनिक की योग्य टीम एवं कार्यक्रम संयोजक संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वजीत शर्मा द्वारा किया गया साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह,संरक्षक जगदीश राना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ दीपचंद अग्रवाल,प्रदेश संयोजक अश्वनी शर्मा व आयुष शर्मा का सहयोग रहा।आंखों के कैम्प का प्रारम्भ भगवान श्रीगणेश की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सर्वप्रथम व्योवृद्ध रामकिशोर मिश्रा कि नेत्रों का परीक्षण किया गया। नेत्रों के परीक्षण करने के साथ-साथ कैम्प में उपस्थित ग्रामीणों को ऑप्टिस्ट शुभम वार्ष्णेय ने बताया कि हमें अपनी आंखों को सुरक्षित रखने के लिए मोबाइल आदि का उपयोग कम से कम करना चाहिए तथा आंखों से संबंधित योग नियमित करने चाहिए और अपनी आंखों को हमेशा ताजा पानी से दिन में एक दो बार धुलना चाहिए।हमेशा याद रखें कंप्यूटर और अन्य डिजिटल स्क्रीन का उपयोग करते समय, हर 20 मिनट में 20 सेकंड का ब्रेक लें और 20 फीट दूर किसी चीज को देखें।कैम्प के दौरान युवाओं,वृद्ध,महिलाओं, पुरुषों और बच्चों जिनमे उदयवीर, रामदास,कृष्ण, कुलदीप मिश्रा, किशनपाल, नौबतराम, राजमती, त्रिवेणी, रामप्रकाश मिश्रा, जगदीश, सोनवती, रामकुमार, आदि की आँखों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के समय ग्राम प्रधान मीरादेवी के साथ-साथ प्रधान पति श्रीगोपाल मिश्रा, लक्ष्मीनारायण पाठक, हर्वेश मिश्रा, सुधाकर पाठक,रमेश गुप्ता ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## कार पर गिरा विद्युत पोल बाल-बाल बचे डिप्टी कमिश्नर

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**



चंदौसी। सोमवार को सड़क से गुजर रही कार के बोनट पर सीमेंट का विद्युत पोल गिर गया। कार में जीएसटी डिप्टी कमिश्नर धर्मेंद्र कुमार सवार थे। कार उनका ड्राइवर चला रहा था। वह 2 से 3 दिन पहले जीएसटी कार्यालय तबादला होकर आए है। तबादले के बाद पहुंचे धर्मेन्द्र कुमार ने आवास विकास कॉलोनी में किराए का आवास लिया है। दोपहर लगभग 1 बजे के वह अपने आवास पर आ रहे थे। कार उनका ड्राइवर चला रहा था। जब उनकी कार बैष्णों विहार गली नं. 3 के पास डॉ. रवि पाठक के घर के पास से गुजरी तो एकाएक सीमेंट का विद्युत पोल अचानक से उनकी कार के बोनट पर गिर गया। जिसके जीएसटी डिप्टी कमिश्नर व उनका ड्राइवर बाल-बाल बच गए। जबकि विद्युत पोल गिरने से लगभग 40 आवासों की बिजली गुल हो गई। वहीं खंबा गिरने के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। साथ ही नेशनल एक्सप्रेस के जिला प्रभारी ने विद्युत विभाग के एसडीओ से वार्ता की उन्होंने बताया कि आकस्मिक घटना हुई है जल्द से जल्द नया खंबा लगवा कर सभी लोगों की विद्युत सुचारू रूप से चालू कराई जाएगी। खबर लिखे जाने तक की जानकारी।

## संपादकीय

# परमाणु के खिलाफ युद्ध

**इजरायल-ईरान** युद्ध की परिणति क्या होगी? क्या यह महायुद्ध या विश्व युद्ध में तबदील होगा? कौन गलत है और कौन सही है? इन सवालों के जवाब फिलहाल नहीं दिए जा सकते। इजरायल के सामने अस्तित्व का संकट है। ईरान 1950 से परमाणु कार्यक्रम में जुटा है। कभी अमरीका उसके परमाणु कार्यक्रम में शामिल था। अमरीका समेत सभी प्रमुख पश्चिमी देशों के साथ ईरान के परमाणु करार थे, लेकिन तमाम करार रद्द करने पड़े, क्योंकि ईरान चोरी-छिपे यूरेनियम से बिजली नहीं, परमाणु बम बना रहा था। यह मिथ्या आरोप नहीं है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान अभी नहीं माना, तो आगे बुरा होगा। उसे बर्बाद कर दिया जाएगा। ईरान अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी को चेतावनी दे रहा है। बहरहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की हालिया बैठक में 19 देशों ने ईरान की परमाणु नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है। मई, 2025 में आईएईए की एक रपट में खुलासा किया गया है कि पांच माह में ईरान 22 परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर लेगा। उसने करीब 60 फीसदी यूरेनियम संवर्धन का काम कर लिया है। ईरान परमाणु कार्यक्रम संबंधी अंतरराष्ट्रीय कायदे-कानूनों का हनन कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू समेत कई विश्व नेताओं की जानकारी है कि ईरान 9-10 परमाणु बम बना चुका है। ईरानी बम न केवल इजरायल के लिए भयानक खतरा है, बल्कि अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सरीखे देशों के जहाज फारस की खाड़ी और लाल सागर में नष्ट कर सकता है। ईरानी परमाणु बम बनाए जाने से मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के हालात भी अस्थिर, अशांत हो सकते हैं, लिहाजा इजरायल ने ईरान पर जो विध्वंसक हमले किए हैं, वे ईरान के परमाणु ठिकानों और कार्यक्रमों को 'मिट्टी' बनाने के मद्देनजर किए हैं। इजरायल ने करीब 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के विभिन्न इलाकों में हमले किए।

ईरान के सेना प्रमुख, रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के चीफ समेत 20 प्रमुख सैन्य जनरलों और 9 वरिष्ठ वैज्ञानिकों को मार दिया गया। उनमें 3 ऐसे परमाणु वैज्ञानिक थे, जो ईरान का परमाणु कार्यक्रम संचालित करने में विशेष योगदान दे रहे थे। ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों, मिसाइल लॉन्चर, नेचुरल गैस रिफाइनरी आदि को तबाह कर दिया गया। इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' को एक बार फिर शाबाश देनी पड़ेगी कि उसने यह ऑपरेशन करीब एक साल पहले तय किया था और करीब 2000 किमी. बसे देश ईरान के भीतर ही अपने बेस बना लिए थे। वहीं से ड्रोन हमले कर ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों के परखच्चे उड़ा दिए थे। मोसाद के करीब 1000 एजेंट्स ईरान में ही सक्रिय हैं। यही कारण है कि इजरायल के हमले सटीक निशाने पर लगे। बहरहाल ईरान ने भी 150 मिसाइलों की बारिश कर जवाबी कार्रवाई की है। ईरान के पास ऐसी मिसाइलों का भंडार है, जो 2000 किमी. की दूरी पर मार करने में सक्षम हैं, लेकिन इजरायल के सुरक्षा-कवच भी अभेद्य हैं। अब हमले दोतरफा हो गए हैं। हमलों में अभी तक 141 लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल में तो मात्र 3-4 मौतें ही हुई हैं, शेष मौतें ईरान के हिस्से की हैं। इमारतें जमींदोज हो रही हैं। ईरान ने 'आपातकाल' घोषित कर दिया है, तो इजरायल में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। अमरीका ने अपने सैनिकों के परिवारों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। भारतीय दूतावास ने भी 'परामर्श' जारी किए हैं, लेकिन एक ही हमले से ईरान का परमाणु कार्यक्रम छिन्न-भिन्न हो जाएगा अथवा तबाह हो चुका है, यह संभव नहीं है। ईरान यूरेनियम खदानों और भंडारण का देश है। पहाड़ों के नीचे परमाणु प्रयोग किए जा रहे हैं। इजरायल ने नतांज के प्रमुख परमाणु ठिकाने पर हमला किया था, नतीजतन विकिरण फैलने लगा है। हालांकि यह बाहर नहीं आया है। आईएईए ने निर्देश दिए हैं कि परमाणु ठिकानों पर हमले न किए जाएं। उनसे लोग मर सकते हैं और पर्यावरण दूषित हो सकता है, लेकिन दोनों देश 'चरम' और प्रतिशोध पर आमादा हैं।

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती



ललित गर्ग

पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।

इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है?

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।



जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है।

इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरु किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भारत के हितों को चोट पहुंचाने वाला है। आर्थिक हित के साथ दोनों देशों के साथ भारत के सामरिक तथा रणनीतिक हित भी जुड़े हुए हैं। भारत को संतुलित रवैया अपनाना होगा, क्योंकि ईरान हमारा पुराना मित्र है, जो कश्मीर मुद्दे को लेकर इस्लामिक देशों के संगठन तक भारत का साथ देता रहा है। इजरायल हमारा महत्वपूर्ण सामरिक एवं नवाचार साझेदार है। किसी के भी पक्ष में झुकाव दुविधा को ओर बढ़ायेगा।

## 17 जून : इतिहास की अहम घटनाएं

1963 दक्षिण वियतनाम में लगभग 2,000 लोगों ने पहले दिन से चल रहे बौद्ध संकट को हल करने के लिए संयुक्त कम्युनिटी को जिम्मेदार ठहराने के बावजूद दंगों का सामना किया।

1967 चीन, हाइड्रोजन बम से संपन्न दुनिया का चौथा देश बना।

1967 पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने अपने पहले थर्मोन्यूक्लियर हथियार के सफल परीक्षण की घोषणा की। एक थर्मोन्यूक्लियर हथियार एक परमाणु हथियार है जो प्राथमिक परमाणु विखंडन प्रतिक्रिया से ऊर्जा का उपयोग करता है और एक माध्यमिक परमाणु संलयन प्रतिक्रिया को प्रज्वलित करता है। जब एकल-चरण विखंडन हथियारों की तुलना में परिणाम विस्फोटक शक्ति बहुत बढ़ जाती है।

1970 शिकागो में पहली बार किडनी प्रत्यारोपण का ऑपरेशन हुआ।

1972 वाटरगेट कॉम्प्लेक्स इनवाशिंगटन, . सी। में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के कार्यालयों पर चोरी के प्रयास के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वाटरगेट कांड को प्रज्वलित किया गया, जिसमें अंततः अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड न्यूटन के दो साल से अधिक के इस्तीफे का नेतृत्व किया गया।

1981 मिस्र के काहिरा में मुस्लिमों और इसाईयों के बीच संघर्ष में 14 लोग मारे गये।

1985 जॉन हेन्ड्रिक्स ने संयुक्त राज्य अमेरिका में डिस्कवरी चैनल शुरू किया।

1985 STS-51-G स्पेस शटल डिस्कवरी ने पेलोड स्पेशलिस्ट के रूप में सुल्तान बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद, अंतरिक्ष में पहले अरब और पहले मुस्लिम को ले जाने की शुरुआत की। STS-51-G नासा के स्पेस शटल कार्यक्रम की अठारहवीं उड़ान थी, और स्पेस शटल डिस्कवरी की पांचवीं उड़ान थी। कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से 17 जून, 1985 को लॉन्च किया गया सात दिवसीय मिशन और 24 जून को कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर उतरा।

1985 बोर्ड स्पेस शटल डिस्कवरी में, सुल्तान बिन सलमान अल सऊदबकेम पहले अरब, पहले मुस्लिम, और बाहरी अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री रक्त।

1987 प्रजातियों के अंतिम व्यक्ति की मृत्यु के साथ, सांवली समुद्र तटीय गौरैया विलुप्त हो गई। सांवली समुद्र तटीय गौरैया, अम्मोड्रामस मैरिटिमस नाइग्रसेन्स, सीराइड गौरैया की गैर-प्रवासी उप-प्रजातियां थीं, जो फ्लोरिडा में मेरिट द्वीप के प्राकृतिक नमक दलदलों और सेंट जॉन्स नदी के किनारे पाई जाती थीं।

1991 दक्षिण अफ्रीका की संसद ने जनसंख्या पंजीकरण अधिनियम को निरस्त कर दिया, जिसके लिए आवश्यक है कि दक्षिण अफ्रीका के प्रत्येक निवासी को रंगभेद की प्रणाली के भाग के रूप में जाति द्वारा वर्गीकृत और पंजीकृत किया जाए।

1992 हथियारों की कटौती पर एक ₹संयुक्त समझ₹ समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश और रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने हस्ताक्षर किए हैं। START II (स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी) संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच सामरिक आक्रामक हथियारों की कमी और सीमा पर एक द्विपक्षीय संधि थी।

1994 शिकागो में फीफा विश्वकप फुटबाल की शुरुआत हुई।

1994 लॉस एंजेलिस के साथ एक पुलिस पीछा करने और आत्महत्या के प्रयास से बाहर निकलने के बाद, अभिनेता और पूर्व अमेरिकी फुटबॉल खिलाड़ी ओ.जे. सिम्पसन को उनकी पूर्व पत्नी निकोल ब्राउन सिम्पसन और उसके दोस्त रोनाल्ड गोल्डमैन की हत्याओं के लिए गिरफ्तार किया गया था।

2015 अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना के एक चर्च में बंदूकधारी ने नौ लोगों की हत्या की।

## समसामयिक

# सोनम जैसे अपराधी अचानक नहीं बनते



आकाश शुक्ला

**वर्तमान** परिस्थितियों में बच्चों की परवरिश में नैतिकता का अभाव राजा रघुवंशी की हत्या जैसे अपराधों को जन्म देते हैं। किसी भी व्यक्ति की मानसिकता एकदम से अपने स्वार्थ के लिए किसी व्यक्ति की हत्या कर देने जैसे जघन्य अपराध कर देने की नहीं हो जाती।यह आसपास के और घर के वातावरण का व्यक्ति पर धीरे-धीरे पड़ने वाले दुष्परिणाम का परिणाम होता है। जब एक व्यक्ति के परिवार में अपने स्वार्थ इच्छापूर्ति के लिए दूसरे व्यक्ति का छोटा-छोटा नुकसान करना बचपन से देखता आता है, तो उसके स्वभाव में धीरे-धीरे यह आदत घर कर जाती है। वह परमार्थ और सत्य के रास्ते पर चलकर सुकून प्राप्त करने का आनंद लेना भूल जाता है, उसका नैतिकता से नाता धीरे-धीरे खत्म होते जाता है। पहले वह येन केन प्रकारेण अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए कार्य करता है , चाहे उसके लिए छोटे-छोटे अपराध ही क्यों न करना पड़े। फिर जब उसे घर पर इन कार्यों के लिए नहीं रोका और समझाया नहीं जाता तब वह अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए बड़े अपराधों की ओर अग्रसर होता है।

यदि छोटी-छोटी स्वार्थ सिद्धि और छोटे अपराध करने पर बच्चों को नैतिकता की ओर मोड़ा जाए और उसे शुरुआत में ही गलत काम करने से रोका जाए और अभिभावक भी बच्चों के सामने उच्च आदर्श और नैतिकता से परिपूर्ण व्यवहार करें तो उसे अच्छे बुरे की समझ बचपन में ही आ जाती है और वह इस आदत के कारण स्वार्थ वश गलत कार्य नहीं कर पाता। एक व्यक्ति कैसे सोचता है और क्या व्यवहार करता है यह गुण उसकी पारिवारिक परवरिश पर निर्भर करता है।

सामाजिक और पारिवारिक मान्यताओं और बंधनो का पालन करने की आदत भी बचपन से बच्चों में डालना चाहिए नहीं तो बच्चों में अपनी हर मनमानी पूरी करने की आदतें आ जाती है जो उन्हें अपराध की ओर अग्रसर करती है। परिवार समाज और देश को कुछ देने की आदत भी बच्चों में प्रारंभ से डालना चाहिए क्योंकि कुछ देने के लिए कुछ समझोता करना पड़ता है और इससे बच्चों में समझौता करने की आदत आती है जो उनके मनमानी करने वाले व्यवहार पर अंकुश लगाती है और स्वार्थी होने से बचाती है। बच्चों को न कहने का अधिकार देना उनके परवरिश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहना चाहिए। बच्चों के मना करने के अधिकार को भावनात्मक शोषण (इमोशनल ब्लैकमेल)से प्रभावित नहीं करना चाहिए।

यदि सोनम को अपने वैवाहिक निर्णय लेने के लिए माता-पिता मना करने का अधिकार देते तो शायद ही उसके राजा रघुवंशी से विवाह का ऐसा गंभीर दुष्परिणाम आता। जो राजा रघुवंशी की जिंदगी और सोनम जेल में बीतने वाले अंधेरे दोनों से बचाव करता। सोनम को विवाह के लिए मना करने का अधिकार नहीं होने के कारण सोनम ने राजा रघुवंशी से विवाह करने से मना करने से आसान राजा की हत्या करना समझा जबकि राजा कि हत्या करने से आसान राजा से विवाह करने से इंकार करना था। ऐसी मानसिकता छोटी-छोटी बातों को छुपाने और छुप कर छोटी छोटी गलती करने की बचपन की आदतों के कारण आती है।

बच्चों को ईमानदारी से कमाए गए धन का महत्व , समाज के लिए कुछ करने की आदत ,नैतिकतापूर्ण कार्य करने की शिक्षा,अपने स्वार्थ के लिए दूसरों को नुकसान न पहुंचाने की शिक्षा और गलत कार्य करने पर उसे सबके सामने स्वीकार करने का साहस और दुबारा गलत न करने की सीख लेने की आदत बचपन से डाले तो समाज को ऐसे गंभीर अपराध और अपराधियों से बचा सकते है।

# धर्मोपदेशक, महान योद्धा व कुशल संगठकर्त्ता गुरु हरगोबिंद सिंह

सिखों के षष्ठम गुरु हरगोविंद सिंह मुगलों से संग्राम के लिए एक मजबूत सिख सेना का संगठन करने और मुगलों के साथ1606ईस्वीमें हुए संग्राम में बलिदान को प्राप्त पिता गुरु अर्जुन सिंह के निर्देशानुसार सिख पंथ को योद्धा चरित्र प्रदान करने वाले दलभंजन योद्धा, गुरु के रूप में नित्य स्मरणीय हैं, जिन्होंने धर्मोपदेशक, कुशल संगठनकर्ता और पंथ की गुरुता के कर्तव्यों को बखूबी निभाया। परोपकारी योद्धा गुरु हरगोबिंद सिंह का जन्म भारत के बडाली में 14 जूनसन 1595 ईस्वी को गुरु अर्जुन सिंह के यहां उनकी पत्नी माता गंगा के कोख से हुआ था। जहांगीर के आदेशानुसार पंचम गुरु अर्जुन सिंह को फांसी दे दिए जाने के बाद प्रतीक स्वरूप अस्त्र- शस्त्र धारण करहरगोविंद सिंह25 मई 1606 ईस्वी को सिखों के छठे गुरु के रूप मेंगुरु के तख़्त पर बैठे। और तब से लेकर 28 फ़रवरी 1644 ईस्वी तक गुरु पद पर पदासीन रहे।गुरु हरगोबिन्द की शिक्षा- दीक्षा महान विद्वान भाई गुरदास की देख-रेख में हुई। गुरु को बराबर उनके दादा बाबा बुड्डाजी का भी आशीर्वाद प्राप्त रहा। गुरु ने धर्म, संस्कृति एवं इसकी आचार-संहिता में अनेक ऐसे परिवर्तनों को अपनी आंखों से देखा, जिनके कारण सिख धर्म अपनी जड़ें मजबूत कर रहा था। विरासत के इस महान पौधे को गुरु हरगोबिन्द ने अपनी दिव्यदृष्टि से सुरक्षा प्रदान की तथा उसे फलने-फूलने का अवसर प्रदान किया। अपने पिता गुरु अर्जुनदेव के बलिदानी आदर्श को उन्होंने न केवल अपने जीवन का उद्देश्य माना, बल्कि उनके द्वारा प्रारंभ किए गए महान कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए आजीवन अपनी प्रतिबद्धता भी दिखलाई।आवश्यकतानुसार गुरु हरगोविंद ने शस्त्र- शास्त्र की शिक्षा भी ग्रहण की। उन्होंने अपना अधिकतर समय युद्ध प्रशिक्षण एवं युद्ध कला में लगाया और तलवार बाजी, कुश्ती व घुड़सवारी में कुशल, दक्षव पारंगत हो गए। विभिन्न प्रकार के शस्त्र चलाने का उन्हें अद्भुत अभ्यास था।उनका चिंतन भी क्रांतिकारी था। उनकी इच्छा थी कि सिख जाति शांति, भक्ति एवं धर्म के साथ-साथ अत्याचार एवं जुल्म का मुकाबला करने के लिए भी सशक्त बने। वह अध्यात्म चिंतन को दर्शन की नई भंगिमाओं से जोडना चाहते थे। वे केवल धर्मोपदेशक ही नहीं, वरन महान योद्धा व कुशल संगठनकर्ता भी थे। उन्होंने अपने अनुयायियों को शस्त्र धारण करने के लिए प्रेरित कर छोटी सी सेना इकट्ठी कर ली। तमाम विरोध के बावजूद हरगोविंद सिंह ने अपनी सेना संगठित की और अपने शहरों की क़िलेबंदी की।



अशोक "प्रवृद्ध"

गुरु हरगोविंद के पूर्व सिख पंथ निष्क्रिय प्राय था। जहांगीर के हाथों अपने गुरु अर्जुनदेव की दिल दहला देने वाली क्रूरता व यातना पूर्ण हत्या ने शांतिप्रिय और अपनी ईश्वरभक्ति में लीन रहने वाले सिखों की आंखें खोल कर रख दी। उन्हें यह मालूम हो गया कि एकांत में माला जपने अथवा मंदिर में जाकर पूजा-पाठ कर लेनें भर से न तो धर्म का प्रभाव बढ़ने वाला है और न हीसमाज की रक्षा ही होने वाली है। इस घटना नें दुनिया के इस चलन को उन्हें भली-भांति समझा दिया।उस समय हरिमंदिर में आध्यात्मिक प्रवचन देने का प्रचलन था, लेकिन तत्कालीन परिस्थिति में सत्ता और मजहब के विस्तार के लिए काफिरों के साथ छल-कपट, और उनकेरक्तपात को जायज़ मानकरचलने वाले विदेशी हमलावरों केसम्मुख अब सिर्फ इससे काम चलने वाला नहीं था। इस असंतुलन को मिटाते हुए हरगोविंद सिंह नें अमृतसर में हरिमंदिर के सामने ही ईसवीं सन 1606 में अकाल-तख़्त का निर्माण किया, इसमें संयुक्त रूप से एक मंदिर और सभागार बनवाया, जिसमें सिखराष्ट्रीयता से संबंधित आध्यात्मिक व सांसारिक मामलों को निष्पादन किया जा सकता था। वहां से नित्य भौतिकजगत के यथार्थ पर भी प्रवचन दिए जाने लगे, जिससे कि अनुयायियों के बीच संगठन और एकत्व के भाव प्रबल हों। हरगोविंद सिंह नें सामूहिक प्रार्थना की एक ऐसी दुर्लभपरंपरा शुरू की, जिसमें उंच-नीच, धनी -निर्धन के भेद-भाव का कोई स्थान न था।



अपनी अदम्य लड़ाकू प्रवृति, मजबूत कद काठी व अन्याय का बदला हर हाल में लेने के स्वभाव के लिए मशहूर जाटों को भी उन्होंने दूरदृष्टि रखते हुए बड़ी संख्या में सिख धर्म में दीक्षित किया। गुरु हरगोविंद ने गुरूपद धारण करते ही गुरु के द्वारा दो तलवार धारण करने की परंपरा शुरू की- पीरी और मीरी। पीरी जहां आध्यात्मिकता की प्रतीक थी, तो मीरीभौतिक संपन्नता की।मीरी और पीरी की दोनों तलवारें उन्हें बाबा बुड्डाजीने पहनाई। इस परंपरा को देखकर गुरु के साथ ही उनके शिष्य भी इस परंपरा के वाहक बने। गुरु हरगोविंद सिंह के द्वारा सिख धर्म में समावेश किए गए इन बदलावों से सिखों के इतिहास में वे नए युग का सूत्रपात्र करने वाले सिद्ध हुए। इनके द्वारा सिखों में डाली गई क्षात्रत्व की परंपरा के कारण ही कालांतर में सिखों के दसवें व अंतिम गुरु गोविन्द सिंह और उनके बाद महाराजा रणजीत सिंह तथा उनके निष्ठावान सैनिकों में शौर्य और पराक्रम का भाव देखने को मिलता है। तत्कालीन समाज में व्याप्त परंपरा में क्रांतिकारी परिवर्तन लाते हुए हरगोविंद नें मंदिर में मिठाई और फूल के साथ-साथ घोड़े, अस्त्र-शस्त्र और धन चढ़ावे के रूप में लानेपर बल दिया, ताकि समाज में सामरिकता की भावना जागृत हो, निर्मित हो। साथ ही समर्पित और वेतन-प्राप्त दोनों ही प्रकार के सैनिकों से युक्त एक सेना तैयार करना शुरूकी।और अमृतसर की सुरक्षा के लिए लौहगढ़ किले का निर्माण भी किया।उन्होंने बड़ी कुशलता से अपने अनुयायियों में युद्ध के लिए इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास पैदा किया। गुरु हरगोविंद की प्रेरणा से संचालित इन कार्यों के लिए देश के विभिन्न भागों की संगत ने भेंट स्वरूप शस्त्र एवं घोडे देने प्रारम्भ किए। अकाल तख्त पर कवि और ढाडियोंने गुरुयश व वीर योद्धाओं की गाथाओं का गायन प्रारंभ किया। इससे लोगों में मुगल सल्तनत के प्रति विद्रोह जागृत होने लगा। गुरु हरगोविंद नानक राज स्थापित करने में सफलता की ओर बढने लगे।जहांगीर ने सिखों की मज़बूत होती हुई स्थिति को ख़तरा मानकर गुरु हरगोबिंद सिंह को ग्वालियर में क़ैद कर लिया। गुरु हरगोबिंद सिंह बारह वर्षो तक क़ैद में रहे, लेकिन उनके प्रति सिखों की आस्था और मज़बूत हुई।अंततः मुग़लों का विरोध करने वाले भारतीय राज्यों के ख़िलाफ़ सिखों का समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से जहांगीर पीछे हटा और 1619 ईस्वी में दीवाली के दिन गुरु और उनके 52 साथियों के साथमुक्त कर दिया। यही कारण है कि सिखों में दीवाली को बंदी छोड़ दिवसके रूप में मनाया जाता है।

लेकिन हरगोबिंद ने यह भांप लिया था कि मुग़लों के साथ संघर्ष का समय नज़दीक है। इसलिए उन्होंनेअपनी पुरानी युद्ध नीति जारी रखी।उन्होंने मुगलों के ख़िलाफ़ बगावत कर दी। जहांगीर की मृत्यु 1627 ईस्वी में होने के बाद नए बादशाह शाहजहां ने उग्रता से सिखों पर अत्याचार शुरू किया। अपने जीवन मूल्यों पर दृढ़ रहते हुए और मुग़लों की अजेयता को झुठलाते हुए गुरु हरगोविंद के नेतृव्य में सिखों ने चार बार शाहजहां की सेना को मात दी। और सिखों के समक्ष यह आदर्श प्रस्तुत किया कि उनका यह अधिकार और कर्तव्य है कि आवश्यकता पड़ने पर तलवार उठाकर भी अपने धर्म की रक्षा करें। वे युद्ध के दौरान सदैव शांत, अभय एवं अडोल रहते थे। उनके पास इतनी बडी सैन्य शक्ति थी कि मुगल सिपाही प्रायः भयभीत रहते थे। गुरु हरगोविंद ने अपने व्यक्तित्व और कृत्तित्वसे एक ऐसी अदम्य लहर पैदा की, जिसने आगे चलकर सिख संगत में भक्ति और शक्ति की नई चेतना पैदा की। गुरु हरगोविंद ने अपनी सूझ-बूझ से गुरु घर के श्रद्धालुओं को सुगठित कर सिख-समाज को नई दिशा भी प्रदान की।परोपकारी योद्धा गुरु हरगोविंदका जीवन दर्शन जनसाधारण के कल्याण से जुडा हुआ था। यही कारण है कि उनके समय में गुरमतिदर्शन राष्ट्र के कोने-कोने तक पहुंचा। हरगोविंद प्रायः पंजाब से बाहर भी सिख धर्म के प्रचार हेतु अपने शिष्यों को भेजा करते थे।गुरु हरगोविंद ने जीवन दर्शन को समसामयिक समस्याओं से केवल जोडा ही नहीं, बल्कि एक ऐसी जीवन दृष्टि का निर्माण भी किया जो गौरवपूर्ण समाधानों की संभावना को भी उजागर करता था। सिख लहर को प्रभावशाली बनाने में गुरु हरगोविंद का अद्वितीय योगदान रहा।अपनी मृत्यु से ठीक पहले गुरु हरगोविंद ने अपने पोते गुरु हर राय को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया।सन 1644 ईस्वी में कीरतपुर (पंजाब) भारत में गुरु हरगोविंद की मृत्यु हो गई।

## खबरें फटाफट

### कानपुर डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के बीच गहराता जा रहा है उपजा विवाद




विवादित ऑडियो सामने आने के बाद कानपुर डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के बीच उपजा विवाद गहराता जा रहा है। डीएम ने जहां शासन को सीएमओ को हटाने के लिए पत्र लिखा है। वहीं, सीएमओ के पक्ष में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बाद 2 विधायक भी सामने आ गए हैं। भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी व एमएलसी अरुण पाठक ने सीएमओ के पक्ष में लेटर लिखकर डिप्टी सीएम व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को कानपुर में ही रखने के लिए कहा है। सीएमओ के पक्ष में पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने डिप्टी सीएम को पत्र लिखा था। अब एमएलसी अरुण पाठक ने डिप्टी सीएम को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लगन के साथ किया है। इसलिए सीएमओ को कानपुर में ही पदस्थ रखा जाए। विधायक बोले- कानपुर में ही रहना चाहिए मामले में दैनिक भास्कर ने विधायक अरुण पाठक से बात की तो उन्होंने कहा कि सीएमओ मेरे पास आए थे। उन्होंने मुझे ट्रांसफर किए जाने को लेकर बात बताई थी।

### 15 दिनो के अभियान में 106 का चालान, 59 बंद व 7.36 लाख वसूला जुर्माना



कानपुर। उ.प्र. परिवहन आयुक्त के द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में आरटीओ प्रवर्तन विभाग ने विशेष अभियान चला कर निजी वाहनो का व्यवसायिक प्रयोग करने व बिना पंजीकृत वाहनो पर कार्यवाही करते हुए 106 वाहनो का चालान किया गया तो वही 59 वाहनो पर बंद की कार्यवाही के साथ सात लाख से भी ज्यादा का जुर्माना वूसला गया। आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह के निर्देश पर 1 जून से 15 जून, 2025 तक विशेष अभियान चलाया गया जिसमें वाहनो पर कार्यवाही के साथ जुर्माना भी लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तनं कहकशां खातून ने बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देश के तहत परिवहन आयुक्त ने राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे ऐसे वाहन जो कि निजी में पंजीकृत होकर व्यवसायिक प्रयोग कर रहे है उनके खिलाफ अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस एक पखवाडे के अभियान में बिना पंजीकरण के 4 ई-रिक्शा, 102 व्यवसायिक वाहन पर चालान की कार्यवाही प्रवर्तनं अधिकारियों के द्वारा की ई तो 59 वाहनो को विभिन्न थानो व कार्यालय में निरूद्ध करने के साथ 7.36 लाख रूपये का जुमार्ना वसूला गया।

# अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उ0प्र0 राज्य महिला आयोग ने वृद्धा आश्रम चिकित्सालय, वन स्टाप सेंटर, जिला महिला बंदीगृह का किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। देहात जनपद कानपुर देहात में दिनांक-16.06.2025 को श्रीमती अपर्णा यादव मा0 उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा वृद्वा आश्रम, जिला महिला चिकित्सालय, वन स्टाप सेंटर, जिला महिला बंदीगृह का0 दे0 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान वृद्धाआश्रम में वृद्ध महिलाओं से वार्ता की व उनका हालचाल लिया तथा आश्रम में रह रहीं वृद्ध महिलाओं को रू01000 वृद्धापेंशन सम्बन्धित कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तथा वृद्ध महिलाओं को फल की टोकरी, कोल्ड ड्रिंक आदि वितरित किए गए।

जिला महिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन केक काटकर किया गया जिसमें नवजात 21 बालिकाओं की माताओं को बेबी केयर किट का वितरण किया गया। कन्या के प्रति सकारात्मक सोच रखने हेतु महिलाओं को सम्मानित किया गया साथ ही बेबी किट देकर बेटी के जन्म होने की बधाई दी गई। जिला महिला चिकित्सालय के एस0एन0सी0यू0, ओ0पी0डी0 ,आई0सी0यू0 व अन्य वार्डो का निरीक्षण किया गया।

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया एवं अल्पावास मे संरक्षित बालिका से वार्ता गई तथा वन स्टाप सेंटर के कार्मिको से कार्य शैली के विषय में जानकारी ली गई। इसके साथ ही सेल्टर रजिस्टर, केस रजिस्टर का अवलोकन किया गया।

जिला कारागार में महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया गया जिसमे महिला बंदियों से वार्ता की गई। निरीक्षण दौरान परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि महिला बंदियों से खाना बनवाया जाये तथा ब्रेड बनवाने का प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण दौरान वंदना सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रेनू यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, गीता सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी , धीरज सिन्हा जेल अधीक्षक जिला कारागार, जेलर, डिप्टी जेलर ,जेल डाक्टर, एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से संरक्षण अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सेन्टर मैनेजर, जेण्डर स्पेशलिस्ट आदि उपस्थित रहें।

## सर्राफा कारोबारी से रंगदारी मामले में बदमाशों जल्द पकड़ेगी टीम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। यहां की गोविंद नगर पुलिस 50 लाख की रंगदारी मामले में फायरिंग करके फरार हुए बदमाशों के नजदीक पहुंच चुकी है जिसके फलस्वरूप पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार करने में भी सफल होगी। पुलिस ने इस घटना के सटीक खुलासे के लिए अब तक अनेक लोगों से गहन पूछताछ भी की है ,जिससे निकले निष्कर्ष के मुताबिक 50 लाख रंगदारी की मांग को लेकर सर्राफा कारोबारी पर फायरिंग करके दहशत फैलाने वाले अपराधी जल्द ही गिरफ्तार किए जाएंगे। क्योंकि टीम इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की परिश्रम पूर्ण सक्रियता अब तक बदमाशों की काफी नजदीक पहुंच चुकी है। यह बात दीगर है कि गोविंद नगर के जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह के शिकंजे से बचने के लिए शायद ही कोई ऐसा हथकंडा बचा हो जो इन बदमाशों ने न अपनाया हो लेकिन विभिन्न जनपदों में इसके पहले भी अनेक शातिर अपराधियों को जेल भेजने के साथ ही गोविंद नगर के अपने अब तक के जुझारू कार्यकाल में भी आरोपियों की गिरफ्तारी सहित सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करने वाले इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह की अगुवाई वाली गोविंद नगर पुलिस की कठोर परिश्रम पूर्ण सक्रियता का जो परिणाम बहुत जल्द सामने आने वाला है ,उसके फलस्वरूप फरार बदमाश बहुत जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

## श्री बाबा शिव भोले लंगर कमेटी 35वाँ विशाल भंडारे का किया जा रहा है आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,श्री बाबा शिव भोले लंगर कमेटी (रजि.) के द्वारा श्री अमरनाथ जी की यात्रा 2025 में राशन गाड़ी भेजने का कार्य गोविंद नगर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के सामने कार्यालय से किया गया है वही अध्यक्ष राहुल मारवाह ने बताया कि कई सालों से यह कार्य किया जा रहा है जो हमारी कमेटी की प्रमुख शाखा सुनाम पंजाब अपना 35वाँ विशाल भंडारा 3 जुलाई से प्रभु इच्छा तक दो मेल बालटाल एवं भगवती नगर बेस कैंप जम्मू श्री अमरनाथ यात्रा में लगाने जा रहा है कानपुर शाखा द्वारा 3 टन राशन व 1.25 लाख रुपये नगद के रूप में सेवा हेतु भेजा जा रहा है वही सभी ने बाबा बर्फानी के जयकारे लगाए आपको बता दे की समिति के सदस्यों का कहना है कि हम भोले बाबा के भक्तजनों की सेवा के लिए हैं, ऐसे में लंगर से बिना भोजन किए कोई नही जाना चाहिए। इसलिए हर वर्ष लंगर लगाते हैं जितने लोग आएंगे सभी को भोजन दिया जाता है बाद में अगर और लोग आ जाएं तो उनके लिए लंगर की व्यवस्था की जाती है। सचिन मल्होत्रा ने कहा कि लंगर में सुबह चाय व टोस्ट उपलब्ध कराते हैं और दोपहर व रात के खाने में श्रद्धालुओं को चावल, दाल, कड़ी, रोटी, सब्जी आदि परोसी जाती है। वही इस अवसर पर दिनेश छाबड़ा,राजन कपूर अमरजीत सिंह विजय एंटरप्राइजेज,संजय अरोड़ा,सागर किशनानी,हर्ष सचदेवा (हनी),हर्षित अरोड़ा,नीतीश दहेर,हनी मारवाह,देवेन्द्र सच्चर,गोलू अवस्थी,रजनीश झा,आशुतोष पांडेय,विशाल सिंह,उपेंद्र सिंह(बाबू),देव नागपाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## 15 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन हुआ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,पी रोड गांधी नगर स्थित माइंडस्टोन इंटरनेशनल स्कूल मे सोमवार को 15 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन हुआ। यह समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कैंप में बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यूट्यूब क्रिएशन, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, और कर्सिव राइटिंग जैसे आधुनिक और रचनात्मक विषयों की शिक्षा दी गई। समापन समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया जो विद्यालय के निदेशक सृजन मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रबंधन की ओर से शिव शरण मिश्रा एवं श्रीमती भावना मिश्रा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर छात्रों को उत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और प्रेरणादायक विचार के साथ हुई, जिसके बाद शिव शरण मिश्रा एवं भावना मिश्रा द्वारा सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसके पश्चात शिव शरण मिश्रा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में आज के युग में बच्चों को तकनीकी, रचनात्मक एवं भावनात्मक रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। छात्र पार्थ, हर्षि और जतिन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस कैंप ने उनके अंदर आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को जगाया है वही अंत में सभी अभिभावकों,छात्रों और मेहमानों को धन्यवाद दिया और सभी को जलपान कराया। वही उन्होंने कहा कि माइंडस्टोन इंटरनेशनल स्कूल ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को आधुनिक,आत्मनिर्भर और खुशहाल शिक्षा देने के अपने संकल्प पर अग्रसर है।

## किसान दिवस 18 जून को विकास भवन सभागार में होगा आयोजित

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अप कृषि निदेशक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार माती में पूर्वाहन 12:00 बजे से किया जाता है।

आयोजित कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों यथा उद्यान विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेडा एवं फसल बीमा कम्पनी के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान

## हेपेटाइटिस बी और सी साइलेंट मौत की दावत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। आमतौर पर लोगो के खान पान और संक्रमण के चलते वह हेपेटाइटिस ए, बी और सी जैसी साइलेंट किलिंग बीमारी का शिकार होते जा रहे है। अगर इस बीमारी का समय पर इलाज न किया जाए तो यह बीमारी सीधे लीवर को नुकसान पहुंचाती है जिससे आगे चल कर मरीज की मौत तक हो सकती है। इस घातक और साइलेंट किलिंग कहे जाने वाली बीमारी के बारे में "दैनिक भास्कर" ने गैस्ट्रालॉजिस्ट डॉ विनय कुमार से खास बातचीत की।

हैलट के सुपर स्पेशलिटी विभाग के गैस्ट्रालॉजिस्ट डॉ विनय कुमार ने बताया कि आम तौर पर हेपेटाइटिस ए खान पान और प्रदूषित पानी पीने के कारण होती है,लेकिन हेपेटाइटिस बी और सी अधिकाशं रूप से संक्रमण के कारण ही होती है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी और सी किसी संक्रमित व्यक्ति का ब्लड किसी अन्य को चढ़ाने से , इस्तेमाल किए हुए रेजर से और टैटू बनवाने व असुरक्षित यौन सम्बंध बनाने से हेपेटाइटिस का संक्रमण शरीर के अन्दर पहुंच जाता है जिससे वह हेपेटाइटिस बी और सी का शिकार हो जाता है। वहीं यह बीमारी मरीज के साथ बैठ कर खाना खाने से , छूने से किसी को नही होती है। वही उन्होंने हेपेटाइटिस से बचाव के बारे बताते हुए कहा कि हेपेटाइटिस बी और सी से बचाव के लिए व्यक्ति को बाहर दाढ़ी बनवाने से बचना चाहिए और अगर जरूरी हो तो उसे अच्छे से साफ जरूर करवा कर ही दाढ़ी बनवाए । साफ-सफाई का ध्यान रखे, यूज सीरिंज का प्रयोग न करे। अगर किसी महिला को हेपेटाइटिस बी या सी है,गर्भावस्था के दौरान मां की जांच जरूर करवाए और बच्चों पर बुरा प्रभाव न पड़े इसके लिए इंजेक्शन लगाए जाते, जिसकी कीमत 7 हजार के लगभग होती है , जिसे मुफ्त में लगाया जाता है। बच्चों के जन्म के बाद बच्चों को भी इस बचाव के लिए महंगे इंजेक्शन से इस बीमारी को दूर किया जा सकता है।

अगर उनको ऐसी कोई शिकायत होती है तो डाक्टर की सलाह पर मेडिसन दिलवाये और बच्चे के जन्म होने के बाद उसका टीकारण जरूर करवाये।

डॉ विनय कुमार ने बताया कि हेपेटाइटिस से सम्बंधित एचबीवी - डीएनए , एलाइजा, एचसीवी आरएनए जांचें मुफ्त की जाती हैं,तथा रोग से सम्बंधित सभी महंगी दवाएं मुफ्त में मरीज को उपलब्ध करायी जाती है। क्यो कि हेपेटाइटिस बीमारी का इलाज महंगा है। इस लिए हेपेटाइटिस बी का इलाज जीवन भर चलता है।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्घि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है।

वृष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

मिथुन : पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

कर्क : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

सिंह : निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

कन्या : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

तुला : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

वृश्चिक : विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग।

धनु : अवरुद्घ कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

मकर : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है।

कुम्भ : हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

मीन : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत मा0 विधान परिषद सदस्य व जिलाधिकारी ने वितरित किये आश्रितों को प्रतीकात्मक चेक

### जनपद में कुल 403 आश्रित परिवारों को लगभग 19 करोड़, 51 लाख, 50 हजार की वितरित की गयी सहायता राशि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर देहात मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को प्रतीकात्मक चेक अम्बेडकर नगर अकबरपुर में किया गया। जिसके सजीव प्रसारण को जनपद के सभी तहसीलों में देखा एवं सुना गया। इसीक्रम में जनपद कानपुर देहात के समस्त तहसीलों में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अन्तर्गत आश्रितों को सहायता राशि वितरित की गयी। तहसील अकबरपुर में मा0 विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान व जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा आश्रित परिवारों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। जनपद में कुल 403 आश्रित परिवारों को लगभग 19 करोड़, 51 लाख, 50 हजार की सहायता राशि वितरित की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें यह योजना विशेष रूप से दुर्घटना के समय पीड़ति कृषक या उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत कृषक की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में रू0 5.00 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है, जबकि आंशिक विकलांगता की स्थिति में रू0 2.50 लाख तक की सहायता का प्रावधान है। अन्त में जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र कृषकों की पहचान एवं सहायता वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक कृषक इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मा0 विधान परिषद सदस्य ने बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना के माध्यम से किसानों को विषम परिस्थितियों में सहायता प्रदान की जाती है, आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अंबेडकर नगर में सहायता राशि वितरित की जा रही है, इसी क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने सरकार द्वारा कृषक हित में चलाई जा रहीं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी

# वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक अजय कपूर ने स्वर्गाश्रम कमेटी को मोक्ष वाहन व डीप फ्रीजर सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,अब देहांत होने के बाद शव को ले जाने के लिए परेशानी नहीं होगी। सूचना देते ही शीघ्र मोक्ष वाहन पहुंचेगा। जिले भर में कहीं भी शव ले जाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा । इसकी सेवा पूरी तरह से निःशुल्क रहेगी यह बात सोमवार को बर्रा 2 आजाद कुटिया स्थित स्वर्गाश्रम कमेटी को मोक्ष वाहन व डीप फ्रीजर सौंपते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक अजय कपूर ने कही। मशहूर उद्योगपति दीपक कोठारी, दादानगर कोआपरेटिव एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर जी, पूर्व विधायक अजय कपूर जी ने स्वर्गाश्रम कमेटी को 2 मोक्ष वाहन व 4 डीप फ्रीजर सौंपे। यश कोठारी चौरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से शव को बर्रा 2 स्थित स्वर्गाश्रम तक ले जाने के लिए निशुल्क मोक्ष वाहन सेवा व डीप फ्रीजर का प्रबंध किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक अजय कपूर जी ने बताया कि अब मृतक को अंतिम संस्कार के लिए श्मशानघाट तक ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। शहर के दूर दराज के इलाकों से शव को लाने में काफी समय लगता था। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इन मुश्किलों के मद्देनजर मोक्ष वाहन का प्रबंध ट्रस्ट द्वारा किया गया है। यही नहीं यश कोठारी चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वर्गाश्रम कमेटी को 4 डीप फ्रीजर भी सौंपे गए है, अब किसी की मृत्यु होने पर उसके शव को अंतिम संस्कार से पहले परिजन अपने घर पर उसे सुरक्षित रख सकेंगे। इसके लिए स्वर्गाश्रम कमेटी को एक कॉल करके डीप फ्रिज को अपने घर पर मंगवा सकेंगे। मशहूर उद्योगपति दीपक कोठारी जी ने बताया की मोक्ष वाहन व डीप फ्रीजर की सेवा समाज के सभी वर्गो को मिलेगी। दादानगर कोआपरेटिव एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने कहा की ट्रस्ट द्वारा पूरे देश में समाज सेवा के कार्य किए जा रहे है। ट्रस्ट सामुदायिक कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम में युवराज कपूर, उदय कोठारी, पार्षद अनिल यादव, पार्षद सुधीर यादव, पार्षद प्रतिनिधि नीरज चड्ढा, समिति अध्यक्ष बलदेव राज मल्होत्रा, समिति उपाध्यक्ष सुनील नारंग, सीताराम खत्री, समिति उप चेयरमैन राजेश भल्ला, अशोक गेरा, डा0 अमरजीत, अम्बुज शुक्ला महेश दीक्षित, सुरेंद्र बिहारी, राजू तिवारी, सौरभ कनौजिया, शुभम राठौर, हरीषंकर पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# होटल हॉलीडे रीजेंसी में लाला ओमप्रकाश मेमोरियल वोकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी





मुरादाबाद। रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मिड टाउन क्लब ने लाला ओमप्रकाश अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट वोकेशनल अवॉर्ड से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मनोज आहूजा, डॉक्टर बबीता गुप्ता जी,अनिल रस्तोगी , डॉक्टर सचिन देव, को सम्मानित किया गया। होटल हॉलिडे रीजेंसी में लाला ओम प्रकाश अग्रवाल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वोकेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड 2024-25 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज हित में अतुलनीय योगदान देने वाले महानुभावों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। ट्रस्ट की ओर से सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई दी। लाल ओमप्रकाश अग्रवाल ट्रस्ट की ओर से शहर के प्रमुख लोगों को सम्मानित कर उनका गौरव बढ़ाया। लोगों ने स्वर्गीय लाला ओमप्रकाश के जीवन को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहनीय की,आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी सतपाल अंतिम की अनुपस्थिति में एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने उनका सम्मान प्राप्त किया इस अवसर पर शहर की जानी-मानी हस्ती मौजूद रही जिनमें प्रमुख ओम संस परिवार के महेश चंद्र अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल,क्लब अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल अतुल भटनागर, महापौर विनोद अग्रवाल, आदि।

# डीएम और एसएसपी ने किया पुलिस लाइन्स का भ्रमण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। सोमवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ प्रचलित उ0प्र0 आरक्षी भर्ती में पुलिस प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन्स, मुरादाबाद का भ्रमण करते हुए RTC बैरक,कक्षाओं, निर्माणाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साफ-सफाई आदि के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके पश्चात पीआरवी वाहनों, थाना मोबाईल, जीप, लैपर्ड आदि को वाहन में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों आदि सहित चेक किया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स का भ्रमण करते निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात आदेश कक्ष में विभिन्न गार्द कमांडरों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## पुलिस द्वारा एक वारण्टीं को किया गिरफ्तार

डिलारी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराधों में संलिप्त वांछित,वारण्टीं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोमवार को थाना डिलारी पुलिस द्वारा वारण्टीं अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी काकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बंधित को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार वारण्टी सूरज सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी काकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत परिवारों को मिला लाभ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत कल्याण उत्तर प्रदेश की पहचान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ की सहायता राशि प्रदान किये जाने के क्रम में जिला सभागार कलेक्ट्रेट, मुरादाबाद में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर 74 आश्रित परिवारों को 30 करोड़ 66 लाख रुपए की सहायता धनराशि का वितरित किया। यह योजना प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी सोच और जनसेवा के प्रति संकल्पबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत कृषक की मृत्यु, पूर्ण दिव्यांगता या अंग हानि की स्थिति में 1.25 लाख से 5 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना आपदा की घड़ी में कृषक परिवारों को संबल और सुरक्षा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत, जिलाधिकारी सभागार, मुरादाबाद में एक आयोजन किया गया था। इस योजना के तहत, किसानों को दुर्घटना से होने वाली मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत, 18 से 70 वर्ष की आयु के किसानों को कवर किया जाता है, और दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता दी जाती है।

# उर्से नईमी के मौके पर नि:शुल्क कैम्प आयोजन बांटी दवाई,जायरिनों को ठंडा शरबत वितरण

नेशनल एक्सप्रेस



मुरादाबाद। उर्से ए नईमी के मौके पर महानगर के मौहल्ला दीवान के बाज़ार स्थित हज़रत मौलाना सैयद नईमुद्दीन मुरादाबादी के उर्स में आए जायरीनों को भीषण गर्मी में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट जीएनआरएफ गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन की ओर से इंसानियत की खिदमत के तहत ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई और फ्री मेडिकल कैम्प लगाया फाउंडेशन के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट फुरकान ग़ज़ाली ने बताया गर्मी के इस मौसम में ठंडा पानी लोगों के लिए सबसे बड़ी जरूरत बन जाता है। हमारा मकसद यह है कि कोई भी प्यासा न रहे। यह एक छोटी सी कोशिश है लोगों की सेवा करना और हमें खुशी है कि हमें इसमें सफलता मिल रही है। फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने सारे दिन और देर रात तक उर्स में दूर-दूर से आए हुए जायरिनों को ठंडा पानी व शर्बत पिलाया इस अवसर पर क़ारी अनवर कमाल अमीर अत्तारी नौमान अत्तारी अरकान क़ादरी मेहरान अत्तारी सद्दाम अत्तारी रिहान अत्तारी आदि मौजूद रहे।

## पीतल फैक्ट्री में लगी आग अग्निशमन ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

मुरादाबाद। शहर के कटघर क्षेत्र में मंगला पीतल फैक्ट्री में भीषण आग लगी। फायरबिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फर्म घनी आबादी में होने की वजह से हो सकती थी बड़ी दुर्घटना। सोमवार को मुरादाबाद शहर के कटघर क्षेत्र के अंतर्गत पीतल फर्म में आग लग जाने के कारण लाखों रुपए का हुआ नुकसान अग्निशमन केंद्र की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर किया काबू किसी के हतोत्साहित होने की सूचना नही। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस ने मौके पर पहुंची और तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया जिस पर अग्निशमन की दो गाडियों ने 02 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## खबरें फटाफट

### अभिषेक चौहान बने उप्र लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष, महताब वरिष्ठ उपाध्यक्ष



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की जिला इकाई के चुनाव के दौरान सोमवार को अभिषेक चौहान को जिलाध्यक्ष और महताब आलम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद लेखपालों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

लेखपाल संघ के प्रदेश संगठन मंत्री एवं चुनाव अधिकारी नीरज राठौर की देख-रेख में सदर तहसील के सभागार में जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिलाध्यक्ष के पद पर अभिषेक चौहान और अंकुर यादव ने नामांकन किया था, लेकिन अभिषेक चौहान ने पांच मतों से जीत दर्ज की। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर महताब आलम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर इरशाद हुसैन, जिला मंत्री के पद पर मुस्तफा कमाल, उपमंत्री के पद पर उमेश कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष के पद पर अमित कुमार और लेखा परीक्षक के पद पर अर्चना सिंह चुनी गईं।

### नगर पालिका की जमीन पर बने अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की चंदौसी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में नगर पालिका की जमीन पर बने मकानों और मस्जिद को अतिक्रमण हटाने के लिए सोमवार को नोटिस दिया गया। जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका परिषद अपनी कार्रवाई करेगी और प्रशासन उसमें सहयोग करेगा।जनपद संभल की चंदौसी नगर पालिका परिषद क्षेत्र के बारिसनगर में नगर पालिका परिषद की साढ़े छह बीघा जमीन पर अतिक्रमण करके 34 मकान और एक मजहबी स्थल बना लिया गया था।

# नीट परीक्षा : मेधावी छात्र रज़ा अली ने पाई सफलता परिजनों में खुशी का माहौल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। कठिन परिश्रम और लगातार मेहनत को बताया कामयाबी का मूल मंत्र विधान सभा 27 ग्रामीण मुरादाबाद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पीपलसाना के होनहार छात्र रज़ा अली ने नीट की परीक्षा को पास कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विदित रहे की रज़ा अली ग्राम पंचायत पीपलसाना के पूर्व ग्राम प्रधान गुलाम गौस का सबसे बड़ा पुत्र है। जिसकी प्रारंभिक शिक्षा नेशनल पब्लिक स्कूल भोजपुर से तथा दसवीं और बारवीं की तक की शिक्षा जुल्फिकार हुसैन तुर्की इंटर कॉलेज पीपलसाना से पूरी की है, लगातार सात साल तक अपने कठिन परिश्रम दृढ़ इच्छा शक्ति और लगातार पढ़ने की आदत से आज अपने पांचवें प्रयास में कामयाबी मिली है। पिछले दो प्रयासों में 10 नंबर से और 7 नंबर से रहने के बाद भी हौसला रखते हुए सिर्फ एक ही लक्ष्य पर मेहनत से सफलता मिलती है। ये फिर से सिद्ध हुआ है, आज ग्रामीणों ने घर आकर इस सफलता पर मिठाई आदि एक दूसरे को खिला कर खुशी का इजहार किया तथा गले लग कर मुबारकबाद दी। अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व परिजनों और मां बाप को देते हुए रजा अली ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता बल्कि आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति, नियमित अध्ययन और बेहतर गाइडेंस आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। बस अपने ऊपर यकीन करें और मेहनत लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करते रहें। इस अवसर पर नफीस पाशा, हाजी मुहम्मद इदरीश पूर्व जेल विजिटर, लईक अहमद समाजसेवी, हाजी अरशद सेठ, मुहम्मद शाहरुख, मुहम्मद रजा आदि उपस्थित रहे।

# मृतका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अन्य दो बांछित को किया गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मैनाठेर। वादी निवासी थाना मैनाठेर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मुकदमा बनाम केहर सिहँ के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त की घटना का खुलासा करते हुये नामित अभियुक्त केहर सिंह व घटना कारित करने में प्रकाश में आये अन्य 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल सुपर स्पेलेन्डर व अभियुक्त केहर सिंह की निशांदेही पर मृतका के शव के कंकाल की हड्डिया, सिर की खोपड़ी व कपड़े आदि बरामद किया गये। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त क्रम में सोमवार को थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश आये अभियुक्तगण तारेश कुमार पुत्र रामगोपाल ,मनीष पुत्र हुकम सिंह निवासीगण टोडी वाजिदपुर उर्फ कासमपुर जट थाना डिडौली जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त वैगनार कार बरामद की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।गिरफ्तार अभियुक्तगण तारेश कुमार पुत्र रामगोपाल निवासी टोडी वाजिदपुर उर्फ कासमपुर जट थाना डिडौली जनपद अमरोहा, मनीष पुत्र हुकम सिंह निवासी टोडी वाजिदपुर उर्फ कासमपुर जट थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

## मृत्यु हो जाने के अभियोग में वांछित एक ओर आरोपी गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

ठाकुरद्वारा। वादी इन्तखाब आलम पुत्र स्व० मौ० इब्राहीम निवासी ग्राम दूल्हापुर पट्टी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादी व वादी के परिजनो पर लाठी-डंडों व धारदार वस्तु से जानलेवा हमला करने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार के आधार मुकदमा बनाम यासीन आदि के पंजीकृत किया गया। उक्त घटना में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर विवेचना के क्रम में मुकदमा उक्त क्रम में सोमवार को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त यासीन पुत्र स्व0 नन्हे निवासी ग्राम दुल्हापुर पट्टी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त यासीन पुत्र स्व0 नन्हे निवासी ग्राम दुल्हापुर पट्टी थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।

## राजकीय महाविद्यालय में आसन प्रदर्शन मुद्राओं का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



भोजपुर। राजकीय महाविद्यालय भोजपुर मुरादाबाद में निर्धारित थीम योगा फार वन अर्थ,वन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में सोमवार को आसन प्रदर्शन एवं ध्यान शीर्षक के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा आसन की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया। आसन, व्यायाम ,योग एवं ध्यान रक्त संचार को उत्तेजित करता है,सभी जोड़ों को पोषण प्रदान करता है। शरीर को आरोग्य एवं मस्तिष्क को ध्यान केंद्रित करने एवं एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करके मनुष्य की कार्य क्षमता को बढ़ाता है। व्यायाम शरीर में आक्सीजन एवं रक्त प्रवाह को संतुलित करके शरीर को आरोग्य प्रदान करता है। ध्यान मनुष्य में बढ़ती उम्र में होने वाले शारीरिक अक्षमता की गति को धीमा करता है। पार्किनसन, अल्जाइमर्स एवं न्यूरोडीजनरेटिव बीमारियों से बचाव करता है।

# थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा हत्या की घटना में वांछित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



कुंदरकी। वादिनी निवासनी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण संजीव पुत्र होरी लाल व अन्य अज्ञात द्वारा वादिनी के पति गुलाब सिहँ जो तांत्रिक कार्य करते थे। की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर देने के संबंध में थाना कुन्दरकी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कुन्दरकी पर मुकदमा बनाम संजीव आदि के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में सोमवार को थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामित,वांछित अभियुक्त संजीव पुत्र होरी लाल निवासी ग्राम संदलपुर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01अवैध चाकू आला कत्ल बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त संजीव पुत्र होरी लाल निवासी ग्राम संदलपुर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद बरामदगी घटना में प्रयुक्त 01 अवैध चाकू आला कत्ल पूछताछ का विवरण गिरफ्तार अभियुक्त संजीव उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि गुलाब सिंह जो ग्राम हरियाना का रहने वाला है तथा झाड फूक व तान्त्रिक का काम करता था। मेरी बहन उम्र 19 वर्ष जो बीमार हो गयी थी, हमने डाक्टरो को बहुत दिखाया लेकिन कुछ आराम नही लग रहा था। तब मेरे घरवालो ने मेरी बहन को गुलाब सिंह को दिखाया तो उसने झाड फूक व तांत्रिक क्रिया की जिससे मेरी बहन और ज्यादा बीमार हो गयी तथा जुलाई 2024 मे उसकी मृत्यु हो गयी । मेरी बहन को गुलाब सिंह ने तंत्र क्रिया से मारा था मुझे तथा मेरे परिवार को यह शक था उसके कुछ दिन बाद मेरे पिता होरी लाल बीमार हो गये और उनकी भी हालत बिगडती गयी । तब हमने किसी अन्य तांत्रिक से पता किया तो उसने बताया कि तुम्हारे घर में गुलाब सिंह ने तंत्र बिद्या कर कर रखी है ।

## मुरादाबाद में डायरिया रोको अभियान का शुभारम्भ



मुरादाबाद। जनपद मुरादाबाद में सोमवार को डायरिया रोको अभियान का शुभारम्भ हो गया। यह प्राथमिक अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलेगा। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईएसआई टाउन हॉल पर अभियान का शुभारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के 7,95,385 बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। अभियान की इस साल की थीम- "डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान" तय की गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस मौके पर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां प्रदान की और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न होने पाए। उन्होंने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में डायरिया से जुड़े प्रमुख संदेशों पर प्राथमिकता से चर्चा की जाएगी।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षो से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
facebook

# भारत-सूरीनाम के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती देगा यूपी पर्यटन: जयवीर सिंह

## उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात की

### उत्तर प्रदेश भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का केंद्र है



नेशनल एक्सप्रेस

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और अधिक प्रभावी ढंग से स्थापित करने तथा राज्य में निवेश संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरीनाम गणराज्य में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने सोमवार को लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय का दौरा किया। यह दौरा उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख पहल इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को प्रोत्साहित करना और राज्य में निवेश को आकर्षित करना है।

इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात की।

बैठक के दौरान पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं, सांस्कृतिक संबंधों के विस्तार और यूपी की वैश्विक ब्रांडिंग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने पर्यटन के आर्थिक विकास का प्रमुख आधार मानते हुए साझा रणनीतियों पर बल दिया।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का केंद्र है। सूरीनाम में भारतीय मूल की बड़ी आबादी है, जिससे हम भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। पर्यटन के माध्यम से इन संबंधों को और सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा, कि राज्य सरकार वैश्विक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्तर प्रदेश की प्रस्तुतियों को सशक्त बना रही है।

वार्ता के दौरान सूरीनाम में भारतीय राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने भारत और सूरीनाम के बीच ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को 'भारत का हृदय स्थल' बताया और पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को उत्तर प्रदेश से जोड़ने हेतु तीर्थ पर्यटन, विशेष रूप से रामायण और बौद्ध सर्किट को प्रोत्साहित करने की बात कही।

भेंट के बाद पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सूरीनामवासियों एवं सुभाष पी0 गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भारत और सूरीनाम के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं।

#### योजनाओं की जानकारी साझा की

में लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज बोरा, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम तथा विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने राज्य में चल रही पर्यटन परियोजनाओं और निवेश के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। मुकेश कुमार मेश्राम ने पर्यटन नीतियों, ब्रांडिंग प्रयासों और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की योजनाओं की

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अभ्यास वर्ग का समापन

नेशनल एक्सप्रेस



गोण्डा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के अभ्यास वर्ग का समापन हो गया। प्रांत अध्यक्ष ने आगे की कार्ययोजना,स्वरूप व साल भर होने वाले आगामी कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। समारोह दिवस के दूसरे सत्र जिज्ञासा एवं समाधान पर अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो नागेश ठाकुर व क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश घनश्याम शाही ने सामूहिक रूप से उपस्थित प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा समस्या के उन्मूलन में उपस्थित प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। समारोह दिवस के दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय छात्रा कार्य प्रमुख प्रो मनु कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, थिंक इंडिया के अखिल भारतीय संयोजक सुमित पांडे, अवध प्रांत की अध्यक्ष प्रो नीतू सिंह,उपाध्यक्ष प्रो मंजुला उपाध्याय, प्रो अल्का सिंह, प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपाई सहित अवध प्रांत से अभ्यास वर्ग हेतु प्रतिभाग कर रहे तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे एवं अवध प्रांत के अन्तर्गत सभी 26 संगठनात्मक जिलों की नवीन घोषणा हुई। जिसमें गोंडा विभाग से विभाग प्रमुख डॉक्टर अनुपम पाण्डेय, विभाग संयोजक आदर्श तिवारी, विभाग छात्रा प्रमुख रानी तिवारी, जिला प्रमुख डॉक्टर पवन शुक्ला, जिला संयोजक मनीष कनौजिया, सह संयोजक सूरज चतुर्वेदी आदि लोगो की घोषणा हुई।

# आकाशीय बिजली के चपेट में आने से दो की मौत

नेशनल एक्सप्रेस

गोंडा। जिले में सोमवार सुबह हुई तेज मूसलाधार बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सदर तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले दो लोगों की मौत हो गई है।

आकाशीय बिजली के चपेट में आने के कारण एक तरफ जहां दत्तनगर विशेन निवासी 20 वर्षीय कुनाल शर्मा की मौत हो गई है तो वहीं काजीदेवर गांव के रहने वाले 55 वर्षीय रामदेव यादव की मौत हो गई है। मृतक कुनाल शर्मा सुबह तेज बारिश के दौरान घर से निकलकर दरवाजे पर लगे हैंडपंप के पास पानी पीने जा रहा था जहां अचानक आकाश से बिजली गिरने के कारण घायल हो गया परिजनों द्वारा गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं रामदेव यादव सुबह हल्की बरसात होने पर अपना खेत देखने जा रहे थे जहां उन पर अचानक आकाशीय बिजली गिरी और मौत हो गई है। दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भी पूरे मामले में जांच की जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मृतकों के परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध करवाने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।वहीं इस संबंध में जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आज सुबह बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दुखद घटना हुई है। जहां सदर तहसील क्षेत्र के रहने

# भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से हर वर्ग परेशान : अखिलेश यादव

नेशनल एक्सप्रेस

नेशनल एक्सप्रेस



लखनऊ, 16 जून (हि.स.)। मैं धन्यवाद देता हूं अपने संगठन के लोगों का जिन्होंने यह संकल्प लिया है कि अपनी वोटर लिस्ट को सुधारने का काम करेंगे। यह बात सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। उन्होंने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सपा अध्यक्ष पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोने का भाव एक लाख से ऊपर चला गया है, यह है भारतीय जनता पार्टी का सबका साथ, सबका विकास। क्या विकसित भारत यही है कि गरीब अपनी बेटी की शादी नहीं करा पा रहा।

उन्होंने कहा कि जो लोग यह दावा करते थे कि कुंभ में 37 लोगों को जान गई, अब तो वो आंकड़े आ गए हैं 82 और अभी भी सच्चाई सामने नहीं है। मुआवजा ना देना पड़े इसलिए आंकड़े छुपाए गए।

अखिलेश ने कहा कि आने वाले समय में सेंसस (जनगणना) भी होने जा रहा है, हम लोगों को उसके लिए सावधान रहना पड़ेगा क्योंकि पता नहीं कौन से आंकड़े सरकार दे दे। भाजपा ने बड़े पैमाने पर बेरोजगार बनाने का काम किया है। पढ़े लिखे नौजवानों को बेरोजगार बना दिया, इसलिए भारतीय जनता पार्टी की हर बात झूठी है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार नफरत को बढ़ाने का काम करती है। कारोबार और मेला हमें जोड़ता है, यह कारोबार और खुशियों के खिलाफ लोग हैं।

प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों को लेकर अखिलेश ने भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जब तक बिजली सस्ती नहीं होगी, तब तक कोई भी उद्योग कारोबार उत्तर प्रदेश में नया नहीं आएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिया से टकराई बाइक, युवक की मौत

मीरजापुर। नाना के घर से लौटते समय बाइक हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत गदहियां नाले के पास रविवार को हुआ। मरने वाले युवक की दस दिन पहले शादी हुई थी।

नैढी कठारी गांव निवासी सुनील (22) अपने चचेरे भाई रविंद्र के साथ प्रयागराज जिले के धनावल गांव में नाना के घर गया था। दोनों बाइक से घर लौट रहे थे, तभी गदहियां नाले के पास पुलिया पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे सुनील को सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे रविंद्र के पैर में गंभीर चोट लगी। राहगीरों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी।

# करनैलगंज में हरे पेड़ों की अवैध कटान का धंधा बेकाबू, वन माफियाओं के हौसले बुलंद

नेशनल एक्सप्रेस



गोंडा। करनैलगंज में नए कोतवाल तेजप्रताप सिंह के कार्यभार संभालने के बावजूद हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, वन विभाग और पुलिस की कथित मिलीभगत से वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। यहाँ गोंडा-लखनऊ हाईवे पर दिनदहाड़े हरे पेड़ों के बोटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां बेखौफ गुजर रही हैं, लेकिन न तो पुलिस और ना ही वन विभाग कोई कार्रवाई करता दिखाई दे रहा है।

क्षेत्र में रात-दिन हरे पेड़ों की अवैध कटान का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। शासन और विभागीय अधिकारियों के सख्त आदेशों का भी वन दरोगा पर कोई असर नहीं दिख रहा है। सूत्रों का दावा है कि करनैलगंज में कई वर्षों से जमे वन दरोगा वन माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं। सड़कों और चौराहों पर लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां खुलेआम गुजरती हैं, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध कारोबार से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हो रही है, लेकिन प्रशासन का वन माफियाओं पर कोई डर नहीं दिखता। करनैलगंज क्षेत्र में अवैध कटान का यह धंधा अब चरम पर है। सवाल उठ रहा है कि आखिर इस बेकाबू कारोबार पर लगाम कब लगेगी? जिला प्रशासन और शासन से मांग की जा रही है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# पशुधन सुरक्षा हेतु व्यापक तैयारी के निर्देश : धर्मपाल सिंह



लखनऊ। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में गोआश्रय स्थलों पर जलभराव न हो और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। निराश्रित गोवंश हेतु भूसा, औषधियों एवं टीकाकरण की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

मंत्री ने निर्देश दिया कि 30 जुलाई तक चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त कर वहां हरा चारा बोया जाए। इसके लिए 568 कुन्तल चरी/ज्वार का बीज जनपदों को उपलब्ध कराया गया है। स्थानीय स्तर पर चारे की निर्बाध आपूर्ति प्राथमिकता में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गोवंश को वर्षा से सुरक्षित रखने हेतु गोशालाओं में उपयुक्त प्रबंध हों, मृत पशुओं के त्वरित निस्तारण से संक्रमण रोका जाए। रेडियम बेल्ट अभियान को गति दी जाए और भूसे का उचित भंडारण किया जाए।

दुग्ध विकास को अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नई दुग्ध समितियों का गठन समयबद्ध रूप से पूरा हो तथा पुरानी समितियां किसी भी हाल में बंद न हों। कर्मचारियों को नवाचारों पर प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त, शिकायत पर जांच के बाद कार्यवाही प्रारम्भ

नेशनल एक्सप्रेस



गोंडा । जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्य प्रणाली में लापरवाही और कर्मचारियों की गैरहाजिरी पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित जिला स्तरीय जांच टीमों ने अब तक 33 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का निरीक्षण किया है, जिसमें पटखौली (सीएचसी छपिया), नौबरा (काजीदेवर), बनघुसरा (काजीदेवर), एवं ढोढ़ेपुर (तरबगंज) के केंद्रों पर सीएचओ की अनुपस्थिति दर्ज की गई है।इस पर जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अनुपस्थित पाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (CHO) के वेतन में कटौती की जाए और एनसीडी स्क्रीनिंग न करने वाले कर्मचारियों को चेतावनी जारी की जाए। साथ ही, एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्रक्रिया को आगामी 7 दिनों के भीतर प्रारंभ कराने, अनटाइड फंड के समुचित उपयोग और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आदेशित किया है कि निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और सभी संबंधित बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। साथ ही, जिन आरोग्य मंदिरों की जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है, उनकी अंतिम आख्या 16 जून 2025 तक संकलित कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# नवागत जिला समाज कल्याण अधिकारी ने संभाला कार्यभार

नेशनल एक्सप्रेस



गोंडा । जिले के नवागत समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कार्यालय में मातहतों संग बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा किया और अतिशीघ्र बदलाव का भरोसा दिलाया।

बैठक में उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना,छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह योजना व भरण पोषण अधिग्रहण योजना की समीक्षा की।उन्होंने पटल कर्मियों को योजनाओं से सम्बन्धित रजिस्टर बनाने व शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिया।मातहत कर्मियों को संबोधित करते हुए समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि जल्द ही विभाग में बदलाव देखने को मिलेगा।उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे इसके लिए सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है और यदि कहीं कुछ कमियां हैं तो उसमें सुधार कराया जाएगा।बैठक के दौरान विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की शिक्षा में सुधार पर उनका विशेष ध्यान रहा।उन्होंने कर्मचारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने के लिए सख्त निर्देश दिया।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से अवश्य बात किया जाए तथा बातचीत का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाए।इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विभाग की कार्य पद्धति में सुधार होगा।


# राम सरन पीलीभीत तो दिनेश वर्मा कानपुर भेजे गए

गोंडा । खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा स्थानांतरण सत्र के मद्देनजर जिले में तैनात एक पूर्ति निरीक्षक सहित एक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी का स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया गया है।

बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष मई व जून माह के मध्य शासन द्वारा स्थानांतरण सत्र संयोजित किया जाता है जिसमें समयावधि पूर्ण कर चुके अधिकारियों व कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्यत्र किया जाता है। इसी के मद्देनजर आयुक्त खाद्य एवं रसद भूपेंद्र एस चौधरी ने जिले में लंबे समय से तैनात पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा को जहां कानपुर नगर के लिए स्थानांतरित किया है वहीं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राम सरन का स्थानांतरण जनपद पीलीभीत के लिए किया है। यह जानकारी विभाग के भरोसेमंद सूत्रों द्वारा प्रदत्त कराया गया है।



## फैक्ट्री की छत पर सोते हुए युवक की गिरने से मौत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला। थाना टूंडला के अंतर्गत चौकी राजा ताल क्षेत्र में स्थित मित्तल ओवरसीज फैक्ट्री में एक दर्दनाक वाक्या सामने आया है।

फैक्ट्री में काम करने वाले पुष्पेन्द्र उम्र लगभग 32 वर्ष की फैक्ट्री की छत से गिरकर मौत हो गई। पुष्पेंद्र फरुर्खाबाद जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के बोहरा का रहने वाला था वह रोजाना फैक्ट्री में ही रात को सोता था रविवार रात करीब 11:00 बजे दूसरी मंजिल के किनारे सो रहा था करवट लेते समय वह सिर के बल नीचे गिर गया,इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी सोमवार सुबह 11:00 बजे तब हुई जब फैक्ट्री कर्मचारी शशिकांत तिवारी वहां पहुंचे,सूचना मिलते ही चौकी राजा ताल प्रभारी शिवभान सिंह राजावत मौके पर पहुंचे,उन्होंने फैक्ट्री पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली,जिसमें पूरी घटना दिखाई दी। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने पुष्टि की है कि युवक की मौत दूसरी मंजिल से गिरने से हुई है।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे सराय भरथरा के लोग



गंदगी युक्त पानी से निकलता बाइक सवार



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस

मुहिम गांव गांव ,गली गली

अपने गांव की समस्याओं को बताने हेतु संपर्क करें-जिला ब्यूरो चीफ ,फिरोजाबाद 9690050008

- ग्राम पंचायत सराय भरथरा में सचिवालय मिला बंद
- गांव में जलभराव की समस्या को लेकर प्रधान के खिलाफ लोगों में आक्रोश , अधिकारियों से की समस्या के समाधान की मांग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद । जनपद में नेशनल एक्सप्रेस टीम 15 दिवसीय एक विशेष मुहिम को चलाकर विकास के मुद्दे पर गांव गांव ,गली गली लोगों तक जानकारी करने में लग गई है । जिसके चलते टीम सिरसागंज तहसील से महज 3 किमी दूर ग्राम पंचायत सराय भरथरा विकासखंड अरांव पहुंची जहां लोगों ने बातचीत की तो कुछ लोगों ने कुछ मुद्दों पर प्रधान की तारीफ की तो कुछ मुद्दों पर प्रधान सचिव पर सुनवाई न करने के आरोप भी लगाए । गांव के लोगों ने पेयजल की समस्या न होने की बात कही तो वहीं साफ सफाई को लेकर लोगों ने बताया कि सफाई कर्मी हमारी तरफ आता ही नहीं है । जल भराव की समस्या को लेकर लोगों ने प्रधान तथा सचिव के खिलाफ नाराजगी जाहिर की । शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान न करने का आरोप भी लगाया । लोगों ने बताया की सड़कों पर जल बराबर के कारण आए दिन लोग फिसल कर गिर जाते हैं तथा जल भराव व गंदगी के कारण लोगों को भयंकर बीमारी फैलने का भी भय जाहिर किया । वहीं जब ग्राम पंचायत में टीम पहुंची तो करीब 2:00 बजे सचिवालय का गेट बाहर से बंद नजर आया ।

लोगों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि सचिवालय कभी कभी खुलता है जब कोई काम प्रधान जी को हो तब । जबकि सरकार व जिले के सक्षम अधिकारियों का स्पष्ट निर्देश है कि पंचायत सहायक नियमित रूप से सचिवालय पर बैठकर लोगों की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर करेंगे । ऐसे में सचिवालय न खुला मिलना सरकार व अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करना भी है ।

मामले को लेकर ग्राम प्रधान मो. हनीफ ने बताया कि नाले की तरफ ऊंचा हो गया है और विवाद होने के कारण नाली का निर्माण नहीं हो पाया है । नीचाई अधिक होने के कारण इस जगह पर पानी भरा रहता है। समस्या तो है । अब इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा ।

**मो. हनीफ ( प्रधान , सराय भरथरा)**

कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया गली में 2 वर्ष से अधिक समय से पानी भरा है । प्रधान से शिकायत करो तो प्रधान जी कहते हैं खाते में पैसा नहीं है जब आएगा तब बनवाई जाएगी । कहकर बात को टाल दिया जाता है हम अधिकारियों से अनुरोध करते हैं हमारी समस्या का समाधान किया जाए ।



**-कृष्ण गोपाल सिंह( ग्रामीण ,सराय भरथरा)**

दीपक कुमार ने बताया जब से प्रधानी हुई है तब से गली में पानी भरा है लेकिन लोगों की समस्या की तरफ प्रधान जी ने कोई ध्यान नहीं दिया है। गंदगी भरे पानी में मच्छर पनपने से बीमार होने का डर रहता है । सचिव आते हैं या नहीं पता नहीं देखें नहीं कभी ।



**- दीपक कुमार ( ग्रामीण, सराय भरथरा)**

गांव की निवासिनी माया देवी ने बताया काफी समय से पानी भरा रहता है। गली व मोहल्ले के लोग रोज पानी में गिरकर घायल होते हैं । दो दिन पहले , मैं इस पानी में गिर गई थी लेकिन प्रधान का ध्यान इस समस्या की तरफ बिल्कुल भी नहीं है।



**माया देवी ( ग्रामीण ,सराय भरथरा)**

ग्रामीण बैजनाथ सिंह ने बताया कि गली में पानी भरा रहता है प्रधान से कई बार शिकायत की है लेकिन प्रधान ने कोई काम नहीं कराया है । उच्च अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए । लोगों की मांग है गली को जल्दी से जल्द बनाया जाए और जल भराव की समस्या को खत्म कर दिया जाए ।



**बैजनाथ सिंह(ग्रामीण ,सराय भरथरा)**

## संक्षिप्त समाचार

### जिले के 262 कृषक परिवारों को कृषक दुर्घटना से किया गया लाभान्वित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । किसानों के कल्याण को समर्पित शासन एवं प्रशासन ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ सहायता राशि का वितरण यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतीकात्मक चेक भेंट कर किसान परिवारों को सौंपी गई जिसके क्रम में जनपद फिरोजाबाद के कलेक्ट्रेट परिसर में विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर, जिलाधिकारी रमेश रंजन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे तथा समस्त उप जिलाधिकारी एवं कृषक परिवारों की उपस्थिति में एक वृहद कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस दौरान जनपद में कुल 262 परिवारों को योजना के तहत मदद पहुंचाई गई । इस दौरान लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए । इस अवसर पर विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर ने कहा कि इस दुख की घड़ी में शासन और प्रशासन आपके साथ खड़ा है । इस योजना के अलावा सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी आप सबको प्रदान किया जाएगा। हमारा शासन और प्रशासन यह प्रयास कर रहा है कि इस दुखद घड़ी में हम सब सदैव आपके साथ रहे और हर प्रकार की सहायता मुहैया कराये क्योंकि कुछ घटनाएं, अकस्मात होती हैं, जिस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता । इस दौरान जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कृषक परिवार में दुर्घटना होने पर तुरंत मदद की जाए, उन्होंने समस्त उपस्थित राजस्व टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि, ऐसी घटनाओं के प्रति आप संवेदनशील बने, साथ ही सक्रिय होकर शासन द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं का लाभ पूरी तत्परता से दिलाए, जिससे उनकी मिनिमम आवश्यकता पूरी हो सके। माननीय मुख्यमंत्री जी के इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

### पुलिस प्रशासन हटवाई हाईवे पर सूख रही मक्का

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । नेशनल हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नेशनल हाईवे पर सूख रही मक्का को हटवाया है। नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाओं को देखते हुए तहसीलदार सिरसागंज ने पुलिस, लेखपाल व तहसील प्रशासन अधिकारियों के साथ नेशनल हाईवे धातरी, सिरसागंज पब्लिक स्कूल के आसपास सड़क पर सुखा रहे किसानों की मक्का को हटवाया है और किसान भाइयों को निर्देश दिए कि अपनी मक्का को ऐसे स्थान पर सुखायें जहां वाहन व आमजनों का आवागमन अवरुद्ध न हो और सड़क पर सूख रही मक्का की वजह से कोई दुर्घटना ना हो सके। इस दौरान तहसीलदार सुशील कुमार, लेखपाल सैफल गुप्ता , उपनिरीक्षक राज नारायण सिंह आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय महिला आयोग करेंगी 19 जून को जनपद में महिला जन सुनवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग ₹राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार₹ महिला जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है। जिसके अंतर्गत 19 जून को दोपहर 02:00 बजे से फि रोजाबाद के सिविल लाइन स्थित निरीक्षण भवन में महिला जन सुनवाई का आयोजन किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित जन सुनवाई में संवन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।इस दौरान अध्यक्षा वन स्टॉप सेंटर का दौरा भी करेंगी । वे विभिन्न सरकारी योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से भी मिलेंगी।

### काम करते समय करंट लगने से एसी मिस्त्री की मौत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जनपद के थाना उत्तर क्षेत्र में जैन नगर के निवासी 32 वर्षीय एसी मिस्त्री शैलेश पुत्र चंदन सिंह की काम के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। बताया गया कि शैलेश मोहल्ले में हरिओम के घर एसी की मरम्मत के लिए गए थे। छत पर लगे एसी के आउटर यूनिट को पानी से साफ करते समय उन्हें अचानक करंट लग गया। वे बेहोश होकर छत पर गिर पड़े। मकान मालिक तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । घटना को लेकर थाना उत्तर के इंस्पेक्टर संजुल कुमार पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

### शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर दो वेंडरों में हुई जमकर मारपीट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/शिकोहाबाद । जनपद के रेलवे स्टेशन शिकोहाबाद पर दो वेंडरों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर स्टॉल संचालक पंकज कुमार और खीरा बेचने वाले वेंडर गौरव कुमार गुप्ता के बीच पहले विवाद हुआ। जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो रेल मंत्रालय को एक्स पर ट्वीट किया गया। मामले में जीआरपी ने दोनों वेंडरों का चालान कर दिया। आरपीएफ ने भी कुछ वेंडरों का चालान किया।वेंडर ने रेल ट्रैक के पास वीडियो बनवाया। वीडियो में उसने आरपीएफ पर मारपीट कर जेब से 5000 रुपए निकालने और जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# नगर पालिका का साफ सफाई का वादा अधूरा , गंदगी का अंबार



नगर में रोड पर पड़े कूड़े में गौवंश मार रहे मुंह, वहीं कूड़े की गंदगी से बीमारियां फैलने का सता रहा लोगों को डर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला। नगर पालिका टूंडला का नगर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का वायदा हवा हवाई होता नजर आ रहा है । नगर में जगह जगह फैले कूड़े की गंदगी से जनता परेशान हैं। पूर्वाह्न जब नगर की जनता रोड पर टहलने निकलती है तो रोड पर व रोड के किनारे कूड़े के बड़े बड़े ढेर नजर आ जाते हैं। जिसकी बदबू से नगर की जनता का रोड पर टहलना दुर्भर हो गया है। वहीं लोगों को गंदगी से बीमारियां फैलने का भी डर सता रहा है । आपको बता दें कि कहने को नगर में कई गौमाता से संबंधित संगठन है लेकिन महज मीडिया में ही संगठन दिखायी देते है। नगर पालिका टूंडला के सुबह जल्दी कूड़ा उठाने के वादे भी धरातल पर फेल ही नजर आते है।

आपको बता दें कि नगर में जगह जगह पड़ी कूड़े की गंदगी में निराश्रित गोवंशों को कूड़े में मुंह मारते देखा गया है। उस कूड़े में सैकड़ों की संख्या में पन्नियां पड़ी रहती है। जिनके खाने से गोवंश मौत के आगोश में जा सकता है। अक्सर देखने को मिलता है कि रोड के किनारे या खेत में बीमार गोवंश पड़ा रहता है। और दवाई कराने पर भी वह सही नहीं होता है।क्योंकि वह गौवंश अक्सर कूड़े के साथ पन्नियां खा लेते हैं और पन्नियां कभी भी गलती नहीं है इसलिए गौवंश बीमार होकर धीरे-धीरे मौत के कगार पर पहुंच जाते हैं।ज्यादातर जिले व तहसीलों में पॉलिथीन हटाओ अभियान चलाया जाता है लेकिन टूंडला नगर पालिका में बीते कई वर्षों से पॉलिथीन हटाओ अभियान नहीं चलाया गया है। जिसकी वजह से दुकानों से व घरों से निकलने वाली सैकड़ो की संख्या में पन्नियां कूड़े के ढेरों में अक्सर देखने को मिल जाती है। सब्जी मंडियों में व दुकानों पर किलो के भाव से पॉलिथीन देखने को मिल जाती हैं। लेकिन नगर पालिका की इस बड़ी लापरवाही से बीसियों गौवंश धीरे धीरे मौत की कगार पर पहुंच रहे हैं।

कई संगठन बने हुए है नगर में लेकिन जमीनी स्तर पर कोई भी काम नहीं हो रहा है। नगर के मुख्य बाजार रास्ते पर कई जगह बीच रोड पर ग्यारह से बारह बजे तक कूड़ा पड़ा रहता है। आखिरकार क्या बजह है की नगरपालिका उलझी हुई नजर आ रही है।

## पशुओं की देखभाल के लिए बाहर सो रही महिला से लूट



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्रांगत घर के बाहर सो रही एक बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात सामने आई है। पुलिस ने

मौके पर पहुचकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

पूरा मामला थाना क्षेत्र शिकोहाबाद का है। रविवार को पूरन देवी निवासी नई आबादी मलखानपुर की रहने वाली बुजुर्ग महिला अपने घर के बाहर पशुओं की देखभाल के लिए बाहर चारपाई पर सो रही थीं। सोमवार की सुबह परिवार के सदस्यों ने देखा कि पूरन देवी बेहोश पड़ी हुई है। जमीन पर खून के निशान थे। अज्ञात बदमाश उनके कानों के टॉप्स और पैरों की पायल लूटकर ले गए थे। लोगों द्वारा सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन साथ थाना प्रभारी अनुज राणा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिवार के सदस्यों से भी पुलिस ने पूछताछ की है। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि घर के बाहर सोना भी सुरक्षित नहीं रह गया है। थाना प्रभारी अनुज राणा ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है सभी पहलुओं पर जाँच की जा रही है। जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## विकास कार्यों में अनियमितता बरतने पर कुशियारी प्रधान के अधिकार प्रतिबंधित

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। ग्रामीणों द्वारा कुशियारी के ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में अनियमितता बरतने एवं निर्माण समिति के अध्यक्ष के खातों में पैसा ट्रांसफर करने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने जांच कराई।

जांच में ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा कराए गए विकास कार्यों में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने एवं प्रधान द्वारा दिए गए जबाबों से संतुष्ट नहीं होने पर प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को प्रतिबंधित किया गया है। अंतिम जांच के लिए उप निदेशक कृषि एवं अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नांमित किया है।

कुशियारी के मजरा नगला बडा निवासी मुन्नेश कुमार ने निर्माण समिति के अध्यक्ष गोपाल दुबे पर ठेकेदारी करने एवं ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार एवं सचिव द्वारा उनके बैंक खाते पैसा आहरित करने का आरोप लगाया था। वहीं अन्य कई मामलों में भी प्रधान की शिकायत की गई थी। सुधीर कुमार ने प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक, पंचायत घर एवं धर्मशाला पर हुई इंटरलांकिग कार्य में अनियमितता होने का आरोप लगाया था। हैंडपंप रीबोर में घोटाला होने की शिकायत भी सुधीर कुमार ने की थी। अमृत सरोवर में भी घोटाला होने का आरोप लगाया गया था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच कराई। जांच के दौरान अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर स्थलीय एवं अभिलेखीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों में अनियमितता मिलने एवं प्रधान द्वारा दिए गए साक्ष्यों से संतुष्ट नहीं होने की रिपोर्ट जिलाधिकारी को जांच अधिकारियों ने सौंप दी। रिपोर्ट के आधा पर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को प्रतिबंधित कर अंतिम जांच के लिए उप निदेशक कृषि एवं अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नांमित किया है।

## लूट की घटना का पदार्फाश, आरोपी विनीत गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर पुलिस ने 24 घण्टे में लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी विनीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार, 01 मोटरसाइकिल व लूटा गया माल बरामद हुआ है।

15 जून 2025 को वादी ने थाना नगला खंगर पर तहरीर दी गयी कि में सोना-चाँदी के आभूषणों की फेरी करता है। दिनांक 14 जून 2025 को ग्राम नगला मुकुन्द बड़ा में विनीत पंडित के घर सोना-चाँदी के डिजाइन दिखाने गया था। आरोपी की पत्नी द्वारा अपने टॉप्स में नया पेंच बदलवाने के दौरान मुझे कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे बेचैनी व घबराहट होने लगी। आरोपी विनीत व उसकी पत्नी ने मुझे बंधक बनाकर मारपीट की गयी तथा गाड़ी की डिग्गी में डालकर आभूषण, नगदी व मोटरसाइकिल को लूट लिया तथा बंधी हुई अवस्था में नहर में फेंक दिया। इस तहरीर के आधार पर थाना नगला खंगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। खुलासे हेतु तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में थाना नगला खंगर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी विनीत पुत्र सन्तोष निवासी ग्राम नगला मुकुन्द थाना नगला खँगर को फतेहपुर नसीरपुर कट के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार विनीत के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार, 01 मोटरसाइकिल व लूटे गये आभूषण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा गया। अभियुक्त के पास से 01 गले का हार तथा 02 हाथ की चचूड़िया, तोडिया 26 जोडी, जंजीर 5, ब्रासलेट 2, बिछिया 51 जोड़ी अन्य सामान बरामद हुआ है।

# भाजपा ने की पंचायत चौपाल साथ ही किया पौधारोपण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। सिरसागंज विधानसभा के सिरसागंज नगर के भावली शक्ति केंद्र पर आर डी कोल्ड स्टोरेज में बूथ अध्यक्ष अनुज राजपूत के संयोजकत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल अभियान के अंतर्गत पंचायत चौपाल का भव्य आयोजन किया गया। फिरोजाबाद जिला के सभी मंडलों के शक्ति केंद्रों पर 16 से 18 जून 2025 तक विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका व केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां विषयांतर्गत पंचायत चौपाल मोहल्ला चौपाल का आयोजन किया जाना है। भावली शक्ति केंद्र की पंचायत चौपाल में बतौर मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने शक्ति केंद्र के उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा, वंचितों को सम्मान दिलाने के क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ प्लस मकान बनाए गए। घर-घर जल योजना के अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल मिला है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 51 करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा कवरेज मिला है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 68 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बिना जमानत ऋण प्राप्त हुआ है। भारतीय संस्कृति और विरासत को विकास में बदलने के क्रम में अयोध्या में भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, और महाकाल लोक सहित प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों का विकास हुआ है। प्रसाद योजना के तहत सांस्कृतिक स्थलों के विकास में लगभग 1900 करोड़ का अंशदान दिलाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। वक़्फ संशोधन अधिनियम 2025 के तहत वक़्फ संपत्तियों की पारदर्शिता, जवाबदेही को बढ़ावा दिया गया है। इसी श्रृंखला में पूर्व चेयरमैन राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में आर डी कोल्ड स्टोरेज पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण अभियान चलाया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान 05 जून से 05 अगस्त 2025 तक संपूर्ण भारतवर्ष में चलाया जाना है। पंचायत चौपाल में राघवेंद्र सिंह पूर्व चेयरमेन, जिला मीडिया प्रभारी डॉ अमित गुप्ता विपिन शिवहरे जिला मंत्री, ज्योति गुप्ता नगर अध्यक्ष, वीरू धाकरे, राजवीर सिंह, यशपाल यादव, महेश शर्मा, विजय तोमर, पंकज राजपूत, अजीत राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## बेहतर संयोजन में काम करेगी कांग्रेस की मीडिया और सोशल मीडिया टीम: कृष्णा अल्लावारू



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।बिहार कांग्रेस ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कमर कसते हुए वार रूम में मीडिया और सोशल मीडिया टीम के उचित संचालन और संयोजन को लेकर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू,प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के नेतृत्व में बैठक की।इस बैठक को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से मीडिया के सभी स्वरूपों में अपनी उपस्थिति को संचालित करेगी।इसको लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया की टीम को मजबूत और चुस्त दुरुस्त करने की कवायद शुरू है।बिहार कांग्रेस की नजर बिहार के प्रत्येक हिस्से में घटित घटनाओं पर विशेष तौर से है जिससे बिहार की आम जनता त्रस्त है और उसे वो मीडिया के माध्यम से आवाज देने का काम करेगी।बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मीडिया में पार्टी की मजबूत उपस्थिति बेहद जरूरी है। कांग्रेस पार्टी लगातार मुखर होकर मीडिया के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उठाती रही है।चुनाव के दौरान मीडिया की भूमिका को और मजबूत किया जाएगा।कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने मीडिया को लोकतंत्र की प्रहरी बताते हुए कहा कि बिहार कांग्रेस की आगामी चुनाव में मीडिया में मजबूत उपस्थिति को लेकर वार रूम की बैठक हुई है।इस बैठक में वरिष्ठ नेता प्रेमचंद मिश्र, सोशल मीडिया के चेयरमैन सौरभ सिंहा, मीडिया में रहे पूर्व प्रवक्ता असित नाथ तिवारी,रवि कुमार सहित बार रूम के अन्य नेतागण उपस्थित रहें।

# नए बीएनएसएस कानून को अपराधियों के खिलाफ हथियार बनाएगी बिहार पुलिस

- अपराधियों की काली कमाई की जब्ती को मिलेगी नई रफ्तार
- अपराध की काली कमाई जब्त कर पीड़ित परिवारों की मदद करेगी सरकार
- डीजीपी विनय कुमार ने कहा, पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं,भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की बेधड़क शिकायत दर्ज कराएं नागरिक

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।अपराध की दुनिया से बेशुमार संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं।ऐसे अपराधी जो अपराध के रास्ते अकूत संपत्ति अर्जित कर उसका इस्तेमाल न्यायालय से खुद को बेगुनाह साबित कराने में करते रहे हैं,उन्हें अब उनकी अवैध संपत्ति भी निर्दोष साबित नहीं करा सकेगी।राज्य पुलिस मुख्यालय ने ऐसे अपराधियों की काली कमाई को जब्त करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता(बीएनएसएस)की धारा-107 को अपना मुख्य हथियार बना लिया है।

बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि किसी व्यक्ति से कोई भी पुलिस अधिकारी या कर्मी रिश्वत की मांग करता है,तो इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,विशेष निगरानी इकाई,आर्थिक अपराध इकाई या फिर सीधे राज्य पुलिस मुख्यालय में दर्ज कराई जा सकती है।उन्होंने कहा कि अपराधियों को उनके किए की सजा दिलाने के लिए राज्य पुलिस मुख्यालय की तरफ से जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है।

राज्य के सभी जिलों में फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर न केवल अपराधियों को उनके किए की त्वरित सजा दिलाने की व्यवस्था की जा रही है बल्कि इससे निर्दोष लोगों के साथ-साथ पीड़ितों को भी तत्काल न्याय मिल सकेगा।उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में कुल सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा।राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सोमवार को सरदार पटेल भवन स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जुलाई माह में देश भर में बीएनएसएस लागू होने से पहले ऐसे अपराधियों की काली कमाई को जब्त करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता था।लेकिन कानून में जोड़े गए नए प्रावधानों से अब यह काम आसान हो गया है।पहले इसके लिए प्रवर्तन निदेशालय(ईडी)के स्तर पर कार्रवाई करनी पड़ती थी।ईडी की व्यस्तताओं के कारण अपराधियों की संपत्ति जब्त करने माना काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।अब डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों को यह शक्ति प्राप्त हो गई है,जिससे वे खुद अपराधियों की काली कमाई को जब्त करने का प्रस्ताव न्यायालयों को दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 1249 थाने हैं।इन थानों में ऐसे पेशेवर अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए कुल 1172 अपराधियों को चिन्हित किया गया है।उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधियों में से 239 अपराधियों के विरुद्ध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं और उनकी संपत्ति जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।इनमें 188 अपराधियों के विरुद्ध न्यायालयों में प्रस्ताव समर्पित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नए कानून में अपराधियों की संपत्ति से पीड़ित परिवारों को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है।डीजीपी ने कहा कि थानों से भ्रष्टाचार की शिकायतें अक्सर प्राप्त होती रहती हैं।जबकि पुलिस मुख्यालय भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कृत संकल्पित है।उन्होंने कहा कि यदि कोई भी पुलिस अधिकारी या कर्मी किसी भी मामले में मदद करने के नाम पर रिश्वत की मांग करता है तो इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,विशेष निगरानी इकाई,आर्थिक आप्तध इकाई या सीधे राज्य पुलिस मुख्यालय से की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि निगरानी ब्यूरो द्वारा इस वर्ष जनवरी से 12 जून के बीच कुल एक दर्जन पुलिस पदाधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया जा चुका है।इतना ही नहीं, राज्य के विभिन्न जिलों माना इस वर्ष जनवरी से मई माह के बीच कुल 22 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।इनमें कुल 15 पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर कोर्ट को अग्रसारित कर दिया गया है।साथ ही कुल 66 पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: योगाभ्यास के जरिए किया जाएगा लोगों को जागरुक: पांडेय

- एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य की थीम पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम होंगे आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



पटना(बिहार)।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 21जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य में योगाभ्यास के माध्यम से योग की महत्ता पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।योगाभ्यास राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक वार्ड,पंचायत,प्रखंड,अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर,स्वास्थ्य उपकेंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल,रेफरल अस्पताल एवं जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज पर स्थानीय प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर वृहत रूप से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिसमें योगाभ्यास,योग संवाद तथा योग संगम जैसी गतिविधियां शामिल होंगे।श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन,आयुष मंत्रालय,भारत सरकार के स्लोगन-ह्यह्यएक पृथ्वी,एक स्वास्थ्यह्णह्ण की थीम पर विभिन्न जागरूकता गतिविधि आयोजित किए जाएंगे।राज्य के आश्रय गृह,बाल सुधार गृह,जेल,सुरक्षित स्थल एवं सभी पंचायत सरकार भवनों में योगाभ्यास के जरिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिला एवं प्रखंड स्तर के मुख्य समारोह स्थल पर गण्यमान्य व्यक्तियों,जिला स्तरीय पदाधिकारियों व परिवार सहित स्थानीय योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।स्थानीय वार्ड एवं पंचायत पर एएनएम,आशा एवं ममता द्वारा योगाभ्यास के लिए स्थल का चयन किया जाएगा एवं उनके द्वारा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।श्री पांडेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जीविका दीदीयों को स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले गतिविधियों में शामिल करने एवं उनके द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराने पर जोर दिया गया है।स्थानीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों के विषय में लोगों को जानकारी देने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।योग न केवल शरीर को निरोग बनाता है,बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और आत्मिक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।ऐसे आयोजन हमारे समाज को स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### सारण में पिकअप वैन का चक्का हुआ ब्लास्ट

## हादसे में एक महिला समेत 5 की हुई मौत

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



पटना(बिहार)।सूबे बिहार के सारण जिले के नयागांव थाना अंतर्गत बाजितपुर गांव के पास पिकअप गाड़ी के पलटने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। लगभग एक दर्जन से अधिक इस हादसे में घायल हो गए।सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया गया।

सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दो व्यक्ति को पीएमसीएच रेफर किया गया।बताया जाता है कि पिकअप गाड़ी दिघवारा से मक्का लोड करके हाजीपुर की तरफ जा रहे थे।इसी दौरान बाजितपुर के निकट पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट करने के बाद पलट गई।जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई।जबकि अन्य लोग घायल हो गए।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ओर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया।बताया जाता हैं कि सभी लोग हाजीपुर मक्का को भुनवाने के लिए जा रहे थे।बताया जाता हैं कि वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और वाहन तीव्र रफ्तार में थी,जिसके कारण यह हादसा हुआ है।फिलवक्त में मृतकों की शिनाख्त और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए की जा रही है।

# खेल एक्सप्रेस

### मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली: साई सुदर्शन

बेकेनहैम (ब्रिटेन),(भाषा)। वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साई सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा, ह्यह्यमैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी।

## महिला वनडे विश्व कप: भारत पांच अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगा




**महिला एक दिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम**

30 सितंबर: भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।
पांच अक्टूबर: भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।
नौ अक्टूबर: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।
12 अक्टूबर: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।
19 अक्टूबर: भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।
23 अक्टूबर: भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।
26 अक्टूबर: भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

**दुबई(भाषा)**। भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की।इस साल की शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए ह्यहाइब्रिड मॉडलह्ण के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है।

दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के बाद विश्व स्तर पर भी भारत के अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी देश से मुकाबला करने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरूआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया। भारत के अन्य मैच नौ अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में होंगे। टीम 19 अक्टूबर को इंदौर में इंग्लैंड से भिड़ेगी और फिर 23 अक्टूबर को गुवाहाटी में उसके सामने न्यूजीलैंड की चुनौती होगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यह्य महिला क्रिकेट की आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें भारत में होंगी जहां शानदार स्थल और रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के साथ हम सभी एक अविस्मरणीय टूनामेंट की प्रतीक्षा है। बीसीसीआई ने अभी तक हालांकि स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है, जो टूनामेंट के संचालन की प्रभारी होगी।

टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरूआत एक अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा। पिछले सत्र का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था और दोनों टीमें 22 अक्टूबर को इंदौर में एक-दूसरे से भिडेंगी। पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के अनुसार अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। भारत के खिलाफ मैच के अलावा टीम प्रेमदासा स्टेडियम में बांग्लादेश (दो अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (आठ अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ भी खेलेंगी।

## डी दीपेश और नमन पुष्पक विकल्प के तौर पर भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल



**भारतीय अंडर-19 टीम**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, युधजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद इनान, अनमोलजीत सिंह, डी दीपेश, नमन पुष्पक।

**नयी दिल्ली (भाषा)**। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि डी दीपेश और नमन पुष्पक को चोटिल आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई तक चलेगा।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, ह्यह्यजूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह क्रमशः डी दीपेश और नमन पुष्पक को टीम में शामिल किया है। दीपेश और नमन दोनों ही दौरे के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चल रहे हाई परफोर्मेंस शिविर के दौरान आदित्य को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ जबकि खिलान को दाएं पैर में चोट लगी। टीम की अगुआई आयुष म्हात्रे करेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरे में लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा जिसके बाद होव, नॉर्थम्पटन और वॉर्सेस्टर में पांच मैच की युवा एकदिवसीय श्रृंखला होगी। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो बहु दिवसीय मैच क्रमशः बेकेनहैम और चेम्सफोर्ड में खेले जाएंगे।विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है।टीम में 14 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं जिन्होंने पिछले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंद में शतक सहित 252 रन बनाए थे।

## क्रिस्पिन छेत्री ने एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित की

**भारत की 24 सदस्यीय टीम**

**गोलकीपर**: एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे।
**डिफेंडर**: हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू।
**मिडफील्डर**: अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर।
**फारवर्ड**: लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

**नयी दिल्ली (भाषा)**। चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी। भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूनामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा, मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की। ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा, ह्यह्यदुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

## पूर्व क्रिकेटरों की राय, इंग्लैंड जीतेगा श्रृंखला लेकिन भारत कड़ी चुनौती देगा



**नयी दिल्ली (भाषा)**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरूआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा, ह्यह्यमुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी।

उन्होंने कहा, उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरूआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरूआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया।

उन्होंने कहा, ह्यह्यभारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा,ह्यह्यसभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा। मुझे लगता है कि यह 3-2 से इंग्लैंड के पक्ष में होगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटरों दीप दासगुप्ता और संजय मांजरेकर ने भी इंग्लैंड को श्रृंखला में जीत का दावेदार बताया लेकिन साथ ही कहा कि मुकाबला काफी करीबी होगा। दासगुप्ता ने कहा, भारतीय टीम काफी युवा है और उसका कप्तान भी युवा है। टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, जिससे इंग्लैंड को थोड़ा फायदा मिलेगा। इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर खेलने का भी फायदा मिलेगा, लेकिन यह (श्रृंखला) काफी करीबी होगी। मुझे लगता है कि इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा। मांजरेकर ने कहा,मुझे लगता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है। वे अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं और भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, इसलिए मुझे लगता है कि इंग्लैंड यह श्रृंखला जीत सकता है।

नई दिल्ली, मंगलवार 17 जून 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के तहत पूरे उत्तर प्रदेश के 11,690 किसान परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित करने की बात कही जिसमें अम्बेडकरनगर के 431 परिवार शामिल हैं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की बैठक में सम्मिलित होने के लिए पटना पहुंचने पर जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।




## योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर में 1,184 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**अम्बेडकरनगर** (उप्र) (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अम्बेडकरनगर जिले के कटेहरी में एक भव्य समारोह में 1,184 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान के मुताबिक 102 योजनाओं का लोकार्पण किया गया और 92 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण 'श्रवणधाम बस स्टैंड' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह नामकरण श्रवण धाम की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को सम्मान देने का प्रयास है, जो मातृ-पितृ भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने टांडा बस स्टैंड का नाम स्वर्गीय जयराम वर्मा के नाम पर 'जयराम वर्मा बस स्टैंड' करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रवण धाम को रामायण काल से पूर्व के धाम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम में विधिवत दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।



विपक्ष पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि कुछ लोगों को उत्तर प्रदेश का विकास अच्छा नहीं लगता, उन्हें केवल अपने परिवार का विकास ही अच्छा लगता है, ऐसे लोग परिवार के नाम पर जाति को निशाना बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि जातिवाद के नामपर सत्ता में आकर नग्न तांडव करते हैं, समाज को बांटते हैं तथा पर्व-त्योहार के उत्साह और उमंग को फीका करते हैं। उन्होंने समाज को बांटने वालों को बेनकाब करने की बात भी कही।

बयान के अनुसार योगी ने 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' के तहत पूरे उत्तर प्रदेश के 11,690 किसान परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित करने की बात कही जिसमें अम्बेडकरनगर के 431 परिवार शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना में किसानों, बटाईदारों, कृषि श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''पैसे की कमी नहीं है। हम हर तहसील में इस कार्यक्रम को चला रहे हैं ताकि आपदा प्रभावित किसान परिवारों को तुरंत सहायता मिले।''

मुख्यमंत्री ने शिव बाबा धाम और श्रवण धाम के पर्यटन विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिव बाबा धाम में कई कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर हैं।

योगी का कहना था कि श्रवण धाम को मातृ-पितृ भक्ति के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम और रोजगार सेवकों को नियुक्तिपत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि हाल में गृहमंत्री अमित शाह के हाथों 60 हजार से अधिक युवाओं को उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के रूप में नियुक्तिपत्र दिए गए, जिनमें 12 हजार से अधिक बेटियां शामिल हैं।

उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि पहले नौकरियों की बोली लगती थी, लेकिन अब योग्यता के आधार पर नौजवानों को उनका हक मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वालों को कड़ा दंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''कानून का डंडा ऐसा चपेटे में लेगा कि सात पीढ़ियां याद रखेंगी।''

## दिल्ली के अशोक विहार, वजीरपुर इलाके में ध्वस्तीकरण अभियान शुरू

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार और उत्तर दिल्ली के वजीरपुर इलाके में प्राधिकारियों ने सोमवार को भारी पुलिस तैनाती के बीच ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया, ''अशोक विहार में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। वहां करीब 250 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।''

अधिकारियों ने बताया कि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का एक दल सोमवार सुबह ध्वस्तीकरण अभियान के लिए खुदाई वाली मशीनें लेकर अशोक विहार के जेलर वाला बाग इलाके में पहुंचा। उन्होंने बताया कि वहां सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए 200 से अधिक मकानों को ध्वस्त किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि वजीरपुर में एक रेलवे लाइन के समीप भी अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए ऐसा ही अभियान शुरू किया गया है।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''दिल्ली पुलिस कर्मियों के साथ अर्द्धसैन्य बल की दो कंपनी मौके पर मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति भंग न हो।''

इस महीने इलाके में यह दूसरा ध्वस्तीकरण अभियान है।

दो जून को ध्वस्तीकरण अभियान के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था, ''अगर किसी रेलवे लाइन पर अतिक्रमण किया जाता है और कोई दुर्घटना हो जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा?'

पिछले कुछ सप्ताहों में दक्षिण-पूर्व दिल्ली में भूमिहीन कैंप और मद्रासी कैंप में भी ऐसे ही अभियान चलाए गए हैं।

## पुणे पुल हादसा: सपकाल की अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

**मुंबई**, (भाषा) महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल ने पुणे जिले में एक दिन पहले पुल ढहने की घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए सोमवार को सवाल किया कि अगर पुल असुरक्षित था तो उसे जनता के लिए क्यों खुला रखा गया था।

मावल तहसील के कुंदमाल क्षेत्र में इंद्रायणी नदी पर बना 32 साल पुराना लोहे का पुल रविवार अपराह्न में ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई थी और 18 अन्य घायल हो गए थे।

सपकाल ने कहा, ''भाजपा गठबंधन सरकार दुर्घटना के बाद ही क्यों जागती है? खतरनाक पुल को क्यों खुला रखा गया था, जबकि यह ज्ञात था कि मानसून के दौरान सैकड़ों पर्यटक कुंदमाल आते हैं। राज्य सरकार को जिम्मेदारी तय करनी चाहिए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए।''



सपकाल ने सवाल किया कि सरकार अब कह रही है कि नये पुल के लिए धनराशि एक साल पहले मंजूर की गई थी, लेकिन फिर इस अवधि में इसका निर्माण क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा, ''प्रशासन कह रहा है कि उस पुल पर बोर्ड लगा था। लेकिन प्रशासन के ढीले रवैये के कारण 55 लोग बह गए। उनमें से कई को बचा लिया गया, लेकिन चार लोगों की मौत हो गई और छह गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का मतलब यह नहीं है कि सरकार की जिम्मेदारी खत्म हो गई।''

सपकाल ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सभी खतरनाक पुलों का संरचनात्मक समीक्षा कराने के निर्देश को भी एक दिखावा बताया। उन्होंने कहा, ''दुर्घटनाएं होती हैं, लोग मरते हैं और सरकार उन पर कुछ पैसे फेंक कर भूल जाती है। यह दुष्चक्र खत्म होना चाहिए।''

शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत ने कहा कि यह घटना प्रशासन की अनदेखी और उदासीनता का नतीजा है। उन्होंने इस मामले में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की भी आलोचना की, जो कई वर्षों से जिले के प्रभारी मंत्री हैं।

उन्होंने कहा, ''पुणे का प्रभारी मंत्री होना उनका गौरव और अहंकार है। उन्हें लगता है कि वे पुणे का पर्याय हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित क्यों नहीं किया कि पिछले साल पुल की मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग किया जाए? मेरे पास मौजूद जानकारी के अनुसार, 15 करोड़ रुपये मांगे गए थे और 8 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। उस पैसे का क्या हुआ?'' अधिकारियों के अनुसार, पर्यटकों की भीड़भाड़ के कारण लोहे का पुल ढह गया।

## ईरान ने इजराइल पर फिर से किए मिसाइल हमले; तीन लोगों की मौत, कई अन्य घायल

तेल अवीव, (एपी) ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

ईरान ने कहा कि उसने लगभग 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। दोनों देशों के बीच संघर्ष के चौथे दिन तेल अवीव में सुबह तेज धमाकों की आवाजें सुनाई दीं जो संभवतः इजराइल की रक्षा प्रणाली द्वारा ईरान के मिसाइल हमलों को नाकाम करने की थी।

मध्य इजराइल के शहर पेटाह टिकवा के अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों ने एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया जिससे दीवारें जलकर खाक हो गईं, खिड़कियों के शीशे टूट गए और कई अपार्टमेंट को भारी नुकसान हुआ। बचाव दल घटनास्थलों पर मौजूद हैं, हालांकि हताहतों की संख्या के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। इजराइल की आपातकालीन सेवा 'मैगन डेविड एडोम' सेवा ने बताया कि मध्य इजराइल में चार जगहों पर मिसाइल हमलों में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। इसके साथ ही इजराइल में मरने वालों की संख्या कम से कम 17 हो गई है।



'मैगन डेविड एडोम' ने बताया कि बचाए गए 74 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से 30 वर्षीय एक महिला की हालत गंभीर है। बचावकर्मी मिसाइल हमलों में तबाह हुए घरों के मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर ईरान पर इजराइल के हमले रुकते हैं तो ''हमारे जवाबी हमले भी रुक जाएंगे।''

एक दिन पहले इजराइल की तरफ से किए गए हमलों में ईरान के तेल शोधन संयंत्रों और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया जिसके बाद ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने कड़ा रुख अपनाते हुए संकल्प लिया कि आगामी हमले ''पिछले हमलों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली, गंभीर, सटीक और विनाशकारी होंगे।'' ईरान ने रविवार को कहा कि इजराइल के हमले में 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के खुफिया प्रमुख की मौत हो गई। शुक्रवार से अब तक ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 224 हो गई है। ईरान के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 1,277 लोग घायल हैं, हालांकि उसने यह नहीं बताया कि इसमें आम नागरिक कितने हैं और सैन्य अधिकारी कितने हैं।

## कोलकाता के खिदिरपुर बाजार में आग लगी, कोई हताहत नहीं

कोलकाता, (भाषा) दक्षिण-पश्चिम कोलकाता के भीड़भाड़ वाले खिदिरपुर बाजार के कुछ हिस्सों में सोमवार तड़के आग लग गयी, जिसमें सैकड़ों दुकानें जलकर खाक हो गयीं और स्थानीय व्यापारियों के बीच अफरातफरी मच गयी।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना देर रात दो बजकर पांच मिनट पर मिली और सुबह छह बजे तक उस पर काबू पा लिया गया। हालांकि, जिन जगहों पर आग लगी थी, वहां से धुआं अब भी उठ रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने दावा किया कि 150 साल पुराने बाजार में 1,200 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गयी। बहरहाल, अधिकारियों ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि घटना से कितना नुकसान हुआ है। घटना से परेशान एक व्यापारी ने जले हुए सामान और दुकानों की ओर इशारा करते हुए कहा, ''विराट क्षति।''

एक वरिष्ठ दमकल अधिकारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह है। आसपास के गोदामों में बोरे, तेल और मक्खन जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ की उपस्थिति के कारण आग की लपटें तेज हो गईं, जो कथित तौर पर ऊपरी



मंजिलों से नीचे की ओर तेजी से फैल गईं। एक स्थानीय पार्षद ने बताया कि लगभग छह दशकों से मौजूद इस बाजार को हाल ही में कोलकाता नगर निगम को सौंप दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि तंग गलियों और भीड़भाड़ वाले बाजार के कारण अग्निशमन अभियान में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटनास्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने बताया, ''गलियों में दमकल गाड़ियों को लाना एक बड़ी चुनौती थी।''स्थानीय व्यापारियों ने आरोप लगाया कि दमकल की गाड़ियां काफी देरी से पहुंचीं। एक दुकानदार ने कहा, ''हमने आग लगने के तुरंत बाद उन्हें सूचना दे दी थी लेकिन वे करीब दो घंटे बाद पहुंचे।

## जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का पूर्ण सफाया हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

**जम्मू**, (भाषा) जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश से आतंकवाद का पूर्ण सफाया उनके प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सिन्हा ने साथ ही कहा कि उन्होंने आतंकवादियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को पूरी छूट दे दी है।

उपराज्यपाल ने शेर-ए-कश्मीर पुलिस अकादमी, उधमपुर में पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) के 17वें बैच के परिवीक्षाधीन और परिवीक्षाधीन उपनिरीक्षकों (पीएसआई) के 26वें बैच की पासिंग-आउट परेड में भाग लिया। उन्होंने पुलिस अकादमी के सभी प्रशिक्षकों और अधिकारियों तथा पास आउट हुए डीएसपी और पीएसआई के परिवार के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवाद-रोधी अभियान संचालित करने और आतंकवादियों के नेटवर्क पर लक्षित हमले तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को रसद और वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले तत्वों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने 49 पुलिस उपाधीक्षकों और 1,112 पुलिस उपनिरीक्षकों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को शांति, विकास और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव तरीके से समाज की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''जम्मू कश्मीर की धरती से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। जम्मू कश्मीर पुलिस के हमारे वीर योद्धाओं को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए तथा खुफिया जानकारी, सामुदायिक सहभागिता, प्रौद्योगिकी और अंतर-एजेंसी सहयोग की शक्ति का उपयोग करना चाहिए।''

सिन्हा ने कहा कि उन्हें जम्मू कश्मीर पुलिस के बहादुर कर्मियों और अधिकारियों पर गर्व है। उन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, ''पूरा देश हमारे



पुलिस बल को पेशेवर क्षमता, विभिन्न मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने और आतंकवाद से निर्ममता से निपटने के लिए प्रशंसा करता है और उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखता है।''

पास आउट हुए सभी पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्होंने उनसे जम्मू कश्मीर पुलिस के मूल्यों, परंपराओं और लोकाचार को बनाए रखने का आह्वान किया।

उपराज्यपाल ने कहा कि भारत के प्राचीन मूल्य सत्य, न्याय, नैतिकता, कानून और सुशासन पर केंद्रित हैं तथा इन मूल्यों की रक्षा करना तथा समाज में उन्हें पोषित करना पुलिस की जिम्मेदारी है।

उपराज्यपाल ने जम्मू कश्मीर पुलिस से सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने, कट्टरपंथ को रोकने और प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय पाने के लिए डेटा संग्रह और विश्लेषण की अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, ''प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय बदलावों के बावजूद, बीट पुलिसिंग और एरिया पुलिसिंग के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए, हमें बीट पुलिसिंग को सुरक्षा तंत्र के केंद्र में लाना होगा। हमें समग्र आतंकवाद-रोधी प्रयासों को मजबूत करने के लिए 'टेकिंट' (तकनीकी खुफिया) और 'ह्यूमिंट' (मानव खुफिया) के बीच एक अच्छा संतुलन बनाना चाहिए।''

सिन्हा ने पुलिसकर्मियों से समुदायों में सामूहिक सतर्कता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने खुफिया-संचालित आतंकवाद-रोधी अभियानों पर जोर देते हुए कहा, ''यह सामूहिक सतर्कता न केवल पुलिस बल को आतंकवादियों के खिलाफ समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में सक्षम बनाएगी, बल्कि समाज के सभी वर्गों के साथ विश्वास को भी मजबूत करेगी।''

उन्होंने कहा, ''मैंने जम्मू कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों को आतंकवादियों और जम्मू कश्मीर के भीतर आतंकी तंत्र से निपटने के लिए पूरी छूट दी है। मैं चाहता हूं कि शक्तिशाली पुलिस बल, सबसे शक्तिशाली भारतीय सेना और बहादुर सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) आतंकवादियों और उनके सहायक तंत्र को खत्म करने के लिए मिलकर काम करें।'' उन्होंने कहा, ''हमें ओजीडब्ल्यू (ओवर ग्राउंड वर्कर) नेटवर्क पर लक्षित हमलों को तेज करना चाहिए और आतंकवादियों को रसद और वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले तत्वों को न्याय के कटघरे में लाना चाहिए।''

उधमपुर पुलिस अकादमी के निदेशक गरीब दास ने कहा कि पास-आउट के कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम ने उन्हें नये आपराधिक कानूनों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर अपराध, नार्को-आतंकवाद, सामान्य युद्ध, आतंकवाद-रोधी, उग्रवाद-रोधी, मानवाधिकार और कानून-व्यवस्था में उच्च दक्षता प्रदान की है।

उपराज्यपाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को सम्मानित किया। पास आउट होने वाले डीएसपी और पीएसआई को अपने कर्तव्यों का पालन समर्पण और ईमानदारी से करने के लिए शपथ दिलायी गई।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।